संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-141 शुक्रवार, 22 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# SBI ने इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी चुनाव आयोग को सौंपी

» एससी को बताया- हर बॉन्ड का सीरियल नंबर भी दिया...

» डेडलाइन से डे घंटे पहले जानकारी दी...




**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 (ए)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में बताया कि उसने चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी सौंप दी है। एसबीआई ने कहा कि नई जानकारी में बॉन्ड्स के सीरियल नंबर भी शामिल हैं। पिछली बार इनकी जानकारी नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआईके चेयरमैन को फटकार लगाई थी। चुनाव आयोग ने भी नया डेटा अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

### कांग्रेस बोली-इलेक्टोरल बॉन्ड पीएम की हफ्ता वसूली योजना

कांग्रेस ने सोमवार (18 मार्च) को मोदी सरकार पर हफ्ता वसूली का आरोप लगाया। कांग्रेस ने इसे पीएम हफ्ता वसूली योजना नाम दिया है। कांग्रेस ने दावा किया कि इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दान देने वालों में 21 फर्म ऐसी हैं, जिन्होंने सीबीआई ईडी या इनकम टैक्स की जांच का सामना किया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हर दिन चुनावी बॉन्ड घोटाले का सच सामने आ रहा है। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम कितना बड़ा है यह लगातार स्पष्ट होता जा रहा है। आज हम इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले में भ्रष्टाचार के चार तरीकों में से दूसरे, प्रधानमंत्री हफ्ता वसूली योजना पर फोकस कर रहे हैं-

10 नवंबर 2022 को ईडी ने दिल्ली सरकार की शराब नीति में गड़बड़ियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरबिंदो फार्मा के निदेशक पी सरथ चंद्र रेड्डी को गिरफ्तार किया। पांच दिन बाद 15 नवंबर को अरबिंदो फार्मा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में 5 करोड़ रुपए दान किए।

नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने अक्टूबर 2018 में इनकम टैक्स के छापे के 6 महीने बाद अप्रैल 2019 में 30 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे।

7 दिसंबर 2023 के रामगढ़ में रूंगटा संस प्राइवेट लिमिटेड की 3 यूनिट पर आयकर विभाग ने छापा मारा। 11 जनवरी 2024 को कंपनी ने 1 करोड़ रुपए के 50 इलेक्टोरल बांड खरीदे। इससे पहले फर्म ने केवल अप्रैल 2021 में दान दिया था।

### क्या है चुनावी बॉन्ड स्कीम

चुनावी या इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम 2017 के बजट में उस वक्त के वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पेश की थी। 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने इसे नोटिफाई किया। ये एक तरह का प्रॉमिसरी नोट होता है। इसे बैंक नोट भी कहते हैं। इसे कोई भी भारतीय नागरिक या कंपनी खरीद सकती है।

हैदराबाद की शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड पर 20 दिसंबर 2023 को इनकम टैक्स का छापा पड़ा। 11 जनवरी 2024 को कंपनी ने 40 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बांड खरीदे।नवंबर 2023 में आयकर अधिकारियों ने कथित नकद लेनदेन के लिए रेड्डीज लैब्स के एक कर्मचारी के यहां छापा मारा। छापे के ठीक बाद कंपनी ने 31 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे। इसके बाद इस कंपनी ने नवंबर 2023 में 21 करोड़ रुपए के और जनवरी 2024 में 10 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे, जो कुल मिलाकर 84 करोड़ रुपए होते हैं।

### विवादों में क्यों आई चुनावी बॉन्ड स्कीम

अरुण जेटली ने 2017 में इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। ब्लैक मनी पर अंकुश लगेगा। वहीं, विरोध करने वालों का कहना था कि इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाले की पहचान जाहिर नहीं की जाती है, इससे ये चुनावों में काले धन के इस्तेमाल का जरिया बन सकते हैं।बाद में योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक में एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि, कोर्ट ने इस योजना पर रोक नहीं लगाई। बाद में दिसंबर, 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया कि किस तरह चुनावी बॉन्ड योजना पर चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार किया था।

### 14 मार्च को एसबीआई ने जारी की थी दो पेज की लिस्ट

आयोग ने इससे पहले 14 मार्च को 763 पेज की दो लिस्ट में अप्रैल 2019 के बाद खरीदे या कैश किए गए बॉन्ड की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की थी। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी, जबकि दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एसबीआई ने 14 मार्च को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी आयोग को दी थी।

## संक्षिप्त खबरें




### महाराष्ट्र के हिंगोली में भूकंप के झटके

#### 10 मिनट के अंतराल में दो बार कांपी धरती

**नई दिल्ली/हिंगोली,21 मार्च 2024(ए)।** महाराष्ट्र के हिंगोली में गुरुवार सुबह एक के बाद एक दो बड़े भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। 10 मिनट के अंतराल में एक के बाद एक झटके दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार हिंगोली में भूकंप का पहला झटका सुबह 6 बजकर 8 मिनट पर महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.5 दर्ज की गई। वहीं दूसरा झटका सुबह 6 बजकर 19 मिनट पर महसूस हुआ। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.6 दर्ज हुई।
राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के अनुसार कम वेग का भूकंप था। इसके कारण कहीं से भी प्रदेश में कोई जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। पूर्वोत्तर राज्य अरूणाचल प्रदेश से बड़ी खबर आ रही है। यहां पश्चिम कामेंग में आधी रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि इसकी रिक्टर पैमाने पर जिसकी तीव्रता 3.7 दर्ज की गई।

### पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी माफी



**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 (ए)।** भ्रामक विज्ञापन मामले में पतंजलि ने अपने पुराने बयानों के लिए सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांग ली है।. पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि उन्हें कंपनी के अपमानजनक वाक्यों वाले विज्ञापन पर खेद है।

### 14 दिनों के लिए फिर बढ़ाई गई हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत

**रांची ,21 मार्च 2024(ए)।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। अब, 4 अप्रैल तक हेमंत सोरेन रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में ही रहेंगे।



# दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल गिरफ्तार

» 2 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी की कार्रवाई,हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत...

» भाजपा बोली- दिल्ली में भ्रष्टाचार हुआ...

» आप कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की...



**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। ईडी की टीम गुरुवार शाम 7 बजे केजरीवाल के घर 10 वां समन और सर्च वारंट लेकर पहुंची थी। जांच एजेंसी ने दो घंटे तक पूछताछ के बाद रात 9 बजे यह कार्रवाई की।
इस बीच दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के सीएम बने रहेंगे। जेल से सरकार चलाएंगे। इधर, केजरीवाल की लीगल टीम ने सुप्रीम कोर्ट में भी अपील की है।

### हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी से राहत देने से इनकार कर दिया

इससे पहले गुरुवार को दोपहर 2.30 बजे हाईकोर्ट ने दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने कोर्ट से ये भरोसा मांगा था कि अगर वे पूछताछ के लिए ईडी जाते हैं तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाए। कोर्ट ने साफ किया कि केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना होगा, उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है।
इससे पहले ईडी ने केजरीवाल को 17 मार्च को 9 वां समन भेजा था। केजरीवाल 19 मार्च को समन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे थे। उनकी याचिका पर 20 मार्च को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने बार-बार समन भेजने को लेकर ईडी को तलब किया।
शराब नीति केस में केजरीवाल को इस साल 27 फरवरी, 26 फरवरी, 22 फरवरी, 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी और 2023 में 21 दिसंबर और 2 नवंबर को समन भेज गया था। हालांकि, वे एक बार भी पूछताछ के लिए नहीं गए।
दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल को अरेस्ट कर लिया है। हम पहले भी कह चुके हैं कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे। केजरीवाल दिल्ली के सीएम बने रहेंगे। हमने सुप्रीम कोर्ट ने केस दायर किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट से अर्जेंट सुनवाई की मांग की है।
विधानसभा स्पीकर ने कहा- गिरफ्तार हुए तो जेल से सरकार चलाएंगे केजरीवाल
दिल्ली के स्पीकर रामनिवास गोयल ने कहा- अगर श्वष्ठ अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करती है तो भी वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। दिल्ली के सभी विधायकों, पंजाब के विधायकों, राज्यसभा सांसदों ने एकमत से फैसला किया है कि केजरीवाल ही दिल्ली के मुख्यमंत्री रहेंगे और वे जेल से ही सरकार चलाएंगे।

### दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष बोल... केजरीवाल की आवाज को दबाने की कोशिश

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल का कहना है कि यह सभी जानते हैं कि मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अब तक 600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वे चुनाव से पहले केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहते हैं, और इसलिए वे उसे गिरफ्तार करना चाहते हैं।

### कोर्ट ने कहा- केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना होगा

केजरीवाल ने आज हाईकोर्ट से ये भरोसा मांगा था कि अगर वे पूछताछ के लिए ईडी कराते हैं तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने साफ किया कि केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना होगा, उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है। वहीं, हाईकोर्ट ने ईडी से अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर जवाब मांगा है। अब इस मामले पर 22 अप्रैल को सुनवाई होगी।

## वॉट्सऐप पर पीएम मोदी के विकसित भारत के मैसेज भेजना तुरंत करें बंद

### चुनाव आयोग का सरकार को निर्देश




**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 (ए)।** 'विकसित भारत संपर्क' के बैनर तले केंद्र सरकार की ''उपलब्धियों'' को बताने वाले वॉट्सऐप मैसेज पर चुनाव आयोग ने रोक लगा दी है। चुनाव आयोग को कई शिकायतें मिली थीं कि आम चुनाव 2024 की घोषणा और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के लागू होने के बावजूद सरकार की उपलब्धियों वाले मैसेज अभी भी नागरिकों के फोन पर भेजे जा रहे हैं। इसके बाद चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयको निर्देश दिया कि वह इन वॉट्सऐप मैसेजेस पर तत्काल रोक लगाए। विकसित भारत संकल्प नाम के वेरीफाइड वॉट्सऐप अकाउंट से बड़ी संख्या में लोगों को पीएम मोदी का पत्र भेजा गया है। इसमें लिखा है, यह पत्र प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई वाली भारत सरकार के विकसित भारत संपर्क केंद्र द्वारा भेजा गया है। पिछले दस सालों में भारत सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ देश के 80 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को मिला है एवं भविष्य में भी मिलता रहेगा। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आपका साथ एवं आपका सुझाव बहुत महत्वपूर्ण है। अतः आपसे अनुरोध है कि योजनाओं को लेकर आपके विचार अवश्य लिखें।

## कांतिलाल भूरिया नेबीजेपी में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं को बताया कचरा

### बोले- फर्जी सब चले गए असली अब मैदान में

**अलीराजपुर,21 मार्च 2024(ए)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता कांतिलाल भूरिया ने बीजेपी में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं के बारे में बड़ा बयान देते हुए उन्हें कचरा बताया है। भूरिया ने यह बात जोबट भगोरिया कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री भूरिया ने कहा कि फर्जी सब चले गए है, अब असली कांग्रेसी नेता मैदान में है। वहीं पिछले दो दिनों से रतलाम लोकसभा से कांतिलाल भूरिया का टिकट फाइनल होने की बधाई के मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे। जिसे सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में बैठक चल रही है और शाम तक नामों की घोषणा हो जाएगी। साथ ही भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी मेरे लिए कोई चुनौती नहीं है, जनता कांग्रेस को चाहती है और कांग्रेस को आशीर्वाद जरूर मिलेगा।



## राहुल-सोनिया ने अकाउंट फ्रीज करने पर बीजेपी पर बोला हमला

**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ली है। इस कॉन्फ्रेंस में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे। खरगे ने कहा कि किसी भी लोकतंत्र के लिए चुनाव एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा आज स्वायत एजेंसियों पर सरकार का कंट्रोल है और वो अपने मन से कार्रवाई कर रहे हैं। इसी के साथ ही खरगे ने चुनावी बॉन्ड को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के कारण चुनावी बॉन्ड पर बड़ी सच्चाई सामने आई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता पक्ष ये नहीं चाहता कि हर कोई बराबरी से चुनाव लड़े इसलिए विपक्ष को कम चुनावी चंदा मिला और हमें जो मिला वो हमारे अकाउंट फ्रीज कर दिए गए।खरगे ने ये भी कहा कि भाजपा को कितना कैश में चंदा मिला इसका कोई हिसाब नहीं है। भाजपा का हर जगह एकाधिकार देखने को मिल रहा है, चाहे विज्ञापन हो या कुछ और। उधर, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने भी भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को पंगु बनाने की कोशिश की जा रही है। हमारे पास प्रचार करने का भी पैसा नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि अगर ये होगा तो कैसे विपक्ष चुनाव लड़ पाएगा।



### इस बार अपनी ही पार्टी को वोट नहीं दे सकेंगे सोनिया,प्रियंका और राहुल गांधी



दिल्ली में नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य अपनी ही पार्टी को मत नहीं दे सकेंगे। दिल्ली में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी से गठबंधन के बाद कांग्रेस ने उस सीट को भी आप की झोली में डाल दिया है, जहां से उसके शीर्ष नेता मतदाता हैं। लगातार सिमट रहे दायरे के बीच कांग्रेस क्षेत्रीय दलों पर निर्भर होती जा रही है। जहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा है, वहां स्थिति कुछ ठीक हैं, लेकिन क्षेत्रीय या तीसरे दल की उपस्थिति होते ही कांग्रेस कमजोर दिखने लगती है।

## ईडी अफसरों को बड़ी राहत

### हाईकोर्ट ने पुलिस की ओर से भेजे गए नोटिस पर लगाई रोक




**रांची,21 मार्च 2024 (ए)।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची पुलिस की ओर से ईडी के अफसरों को एससी-एसटी एक्ट के तहत भेजे गए नोटिस पर रोक लगा दी है। ईडी के अफसरों के खिलाफ हेमंत सोरेन ने बीते 31 जनवरी को इस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। इसकी जांच कर रही रांची पुलिस ने सीआरपीसी के धारा 41 ए के तहत ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा, अनुपम कुमार एवं अमन पटेल को समन भेजा था। पुलिस ने इन अफसरों को 21 मार्च को गोंदा थाना में उपस्थित होने को कहा था। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने कहा कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अफसरों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती। ईडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराई गई एफआईआर को चुनौती देते हुए याचिका दायर कर रखी है। इसपर बीते 4 मार्च को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ईडी के अफसरों के खिलाफ किसी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया था। गुरुवार को इसी याचिका पर आगे हुई सुनवाई में कोर्ट ने ईडी के अफसरों को दी गई राहत बरकरार रखी है।

## कार्ति चिदंबरम की मुश्किलें बढ़ी

### चीनी वीजा घोटाला मामले में ईडी ने दायर की चार्जशीट

**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी वीजा घोटाला मामले में कार्ति पी. चिदंबरम और उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कर रमन के खिलाफ दिल्ली की विशेष पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दायर की। ईडी ने गुरुवार को बताया कि कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। कार्ति चिदंबरम के अलावा, एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य को भी मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया है। ऑपरेटर ने भास्कर रमन को 50 लाख रुपये नकद दिए। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद एस. भास्कर रमन ने 50 लाख रुपये को कार्ति पी. चिदंबरम के नियंत्रित वाली कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया। समय के साथ, इस निवेश का मूल्य बढ़कर 1.59 करोड़ रुपये हो गया, जो पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत अपराध की आय है।



## बीजेपी की तीसरी सूची जारी

### तमिलिसाई और अन्नामलाई इस सीट से बनाए गए उम्मीदवार



**नई दिल्ली,21 मार्च 2024(ए)।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को तीसरी लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने लिस्ट में 9 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। भाजपा ने तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को चेन्नई साउथ से टिकट दिया है। तमिलिसाई सौंदरराजन तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गई थीं। इसके अलावा पार्टी ने कोयंबटूर से तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को उम्मीदवार बनाया है।

## संपादकीय

# अहसास वोटर की ताकत का

चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बावजूद अभी भी 33 फीसद वोटर घरों से निकलते नहीं हैं। आजादी के सात दशक बाद भी लोक सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 67 फीसद से अधिक नहीं हो पा रहा है।वर्ष भर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की सुविधा व घर के निकट मतदान बूथ बनाने के बावजूद एकतिहाई मतदाता घर से निकलते नहीं हैं। आयोग की तरफ से मतदाता जागरूकता व मतदाता भागीदारी कार्यक्रम चल रहा है, जिसका मुख्य मकसद कम मतदान प्रतिशत का विश्लेषण करना तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। इस बार पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 97 करोड़ करीब पहुंच चुकी है। आयोग का निरंतर प्रयास है कि अधिक-से-अधिक संख्या में लोग अपने मतदान का प्रयोग करें।आयोग ने अपनी बेवसाइट के माध्यम से मतदाता खोज से लेकर शिकायत दर्ज कराने तक की व्यवस्था की है। पहले लोग शिकायत करते थे कि मतदान केंद्र बहुत दूर है या वहां तक पहुंचने की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके लिए आयोग ने ज्यादा से ज्यादा बूथ बनाकर सुविधाजनक कर दिया। जहां दस मतदाता भी हैं, वहां विशेषकर बूथ बनाये जाते हैं। इस सब में भारी व्यवस्था व मानवश्रम लगता है। देखने में आता है कि शहरी व शिक्षित वर्ग मतदान के प्रति विशेष अरुचि रखता है।ढेरों लोग मतदान दिवस के अवकाश को मनोरंजन का दिन बना लेते हैं। यह सच है कि बुजुर्ग और अकेले रह रहे लोग बिना किसी सहयोग के बाहर नहीं निकल सकते। कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें उम्मीदवार पसंद नहीं या उनके प्रति किसी तरह का असंतोष है, वे भी नाराजगी व्यक्त करने के कारण मतदान का इस्तेमाल नहीं करते। हालांकि अब नोटा यानी कोई भी उम्मीदवार न पसंद होने पर प्रयोग किया जाने वाला विकल्प है।इसलिए वे इसका प्रयोग करने को स्वतंत्र हैं। कुछ अन्य राजनीतिक दलों के रवैये से असंतुष्ट होते हैं। क्योंकि एक बार चुन लिये जाने के बाद विजेता की कोई जवाबदेही नहीं रह जाती। जिससे नाराज लोग विरोध स्वरूप वोट नहीं देते।

# सावधानी:जल संकट की चेतावनी

हमारी पृथ्वी का एक तिहाई हिस्सा जल से घिरा हुआ है। इसके बावजूद भी जगह जगह पर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। कई जगह पानी की पहुंच इतनी ज्यादा है कि लोग उसे आंख मूंदकर बर्बाद करते हैं तो कई जगह प्यास बुझाने के लिए ही पानी नसीब नहीं है। यहीं कारण है कि दुनिया के अधिकांश लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लोगों में पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही 22 मार्च का दिन विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि लोग पानी की कीमत को समझ सकें। विश्व के हर नागरिक को इसके महत्व से अवगत कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट ने विश्व जल दिवस मनाने की शुरुआत की थी। पानी ही जीवन का आधार है जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से अब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है उससे साफ है कि भविष्य में संकट और गहरा सकता है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम पानी के महत्व को समझे और इसे बर्बाद होने से बचाए।

लिहाजा, पूरे विश्व में साफ पानी का धनी देश ब्राजील को माना जाता है। ब्राजील में 8647 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। विश्व में पानी की उपलब्धता को लेकर भारत का आठवां स्थान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। कई महानगरों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। वही इजरायल जैसा अल्प वर्षा वाला देश जल संधारण का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिससे सामान्य वर्षा वाले देशों को जल संरक्षण और संवर्धन की सीख लेने की निहायत जरूरत है।

गौरतलब, पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है, 29 फीसदी भाग पर स्थल है। इस 29 प्रतिशत क्षेत्र पर ही इंसान और दूसरे प्राणी रहते हैं। कुल पानी का लगभग 97 फीसदी पानी समुद्र में पाया जाता है, लेकिन खारा होने के कारण इस पानी को पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सिर्फ तीन प्रतिशत पानी ही पीने लायक है, जो ग्लेशियर, नदी, तालाबों में पाया जाता है। इस तीन फीसदी पानी में भी 2.4



फीसदी हिस्सा ग्लेशियरों, दक्षिणी ध्रुवों पर जमा है, जबकि बचा हुआ 0.6 फीसदी पानी नदी, तालाबों, झीलों और कुओं में मौजूद है। जिसका हम उपयोग कर सकते हैं, इसलिए हमें जल को बचाना चाहिए। इसकी एक बूंद बूंद बहुत कीमती है, इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए।

वस्तुत- पानी हमारे रोजमर्रा के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व इसी से है। पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी का लगभग ढाई प्रतिशत ही मीठा पानी है और बढ़ती जनसँख्या और पानी के व्यर्थ उपयोग के कारण मीठे पानी की कमी अब नजर आने लगी है। जल संकट एक ऐसी स्थिति है जहां किसी क्षेत्र के भीतर उपलब्ध पीने योग्य, अप्रदूषित पानी उस क्षेत्र की मांग से कम हो जाता है। भूजल पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा स्त्रोत है जो हमारे जीवन को समृद्ध करता है। हालांकि, सतह के नीचे संग्रहीत होने के कारण, इसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन बदतर होता जाएगा, भूजल अधिक से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। हमें इस बहुमूल्य संसाधन को स्थायी रूप से प्रबंधित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सचेत भूजल मेघ से बाहर हो सकता है, लेकिन यह मेधा से बाहर नहीं होना चाहिए। भूजल को प्रदूषण से बचाना चाहिए और लोगों और खुद की जरूरतों को संतुलित करते हुए इसका स्थायी रूप से उपयोग करना चाहिए। तभी जल हमें और हमारे कल को बचाएंगा। आखिर! यह हमारी आने वाली पीढ़ी की अनमोल धरोहर है। इसे सार-संभाल कर रखने की जिम्मेदारी हमें ही मिलकर निभानी होगी। अन्यथा रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती मानुष चून। वर्षो पुराना यह दोहा कभी नीतिवाद से प्रेरित लगता था, लेकिन आज यह सच साबित होता दिख रहा है। बढ़ते जल संकट को लेकर पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा का यह कहना था कि, अगला विश्वयुद्ध पानी को लेकर लड़ा जाएगा। भविष्य में जल के भयावह संकट की चेतावनी दी थी! यह हूबहू चरितार्थ हो रही है। सावधानी, जल संकट से बचने का उपाय हमें सतर्क और सजग रहकर हर हाल खोजना होगा। अन्यथा जन-जीवन का अस्तित्व ही समाप्त। आईए, संकट के कालकंट हम सब मिलकर जल को बचाए, जल हमारे जीवन को बचाएंगा।



**हेमेन्द्र क्षीरसागर**
भटेरा चौकी वार्ड न. 02 बालाघाट, बालाघाट मध्यप्रदेश

# जनसंख्या नियंत्रण : सख्ती भी सहमति भी

स्वातंत्रयोत्तर भारत की सरकार ने आम जन को जब पहली बार परिवार नियोजन' शब्द से परिचित कराया, तब अनेक लोगों का कहना था कि क्या अब यह भी सरकार बताएगी कि बच्चे कितने पैदा करने हैं!तब से आज तक सरकार द्वारा परिवार नियोजन संबंधी अनेक पहल की जा चुकी हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय के हाल ही के एक ऐतिहासिक निर्णय से यह मुद्दा एक बार फिर से सार्वजनिक बहसों में जीवित हो उठा है।12 अक्टूबर, 2022 के राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए राजस्थान सरकार के सरकारी नौकरी के लिए दो बच्चों के नियम पर मुहर लगाते हुए उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है, राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 का नियम 24(4) गैर-भेदभावपूर्ण है, और संविधान का उल्लंघन नहीं करता। यह संविधान के दायरे से बाहर है, क्योंकि प्रावधान के पीछे का उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है। राजस्थान सरकार का नियम नीति के दायरे में आता है। अत- इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है।' इसका अर्थ हुआ कि राजस्थान सरकार का यह कानून अब पूर्णत- स्थापित हो चुका है, जिसके अनुसार राजस्थान में अब दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग सरकारी नौकरियां नहीं कर सकेंगे।उच्चतम न्यायालय का यह फैसला न केवल सकारात्मक है, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय को प्रोत्साहित करता हुआ विकसित भारत के निर्माण में परिवार नियोजन की महत्त्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है। वस्तुत- ऐसा नियम बनाने वाला राजस्थान पहला राज्य नहीं है। अन्य कई राज्यों में ऐसी नीतियां पहले से ही लागू हैं। मध्य प्रदेश में 2001 से सिविल सेवा (जनरल कंडिशन ऑफ सर्विसेज) लागू है। तेलंगाना पंचायत राज अधिनियम का सेक्शन 19(3), 156(2), 184(2) दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करता है। आंध्र प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1994 में भी यही धाराएं लागू हैं।

**-डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह-**

## ठुमक-ठुमक के फागुन आया

ठुमक ठुमक के फागुन आया,
संग प्यार भरी खुशियां लाया ।
ऋतु वसंत का राज है आया,
ग्रीष्म ऋतू संग में लाया।।
ठुमक ठुमक के फागुन आया,
संग प्यार भरी खुशियां लाया
प्यार से पूरा नगर सजाया,
खुशियों से ये मन हर्षाया
ठुमक ठुमक के फागुन आया,
संग प्यार भरी खुशियां लाया ।
पीला नीला लाल गुलाल उड़ाया,
खुशबू से पूरा आंगन महकाया।।
ठुमक ठुमक के फागुन आया,
संग प्यार भरी खुशियां लाया
बाज़ार, गली और
कूचों में शोर मचाया,
खुशियों की सौगात ही लाया ।।
ठुमक ठुमक के फागुन आया,
संग प्यार भरी खुशियां लाया द्य
ब्रज में हरी फाग मचाया,
गीत मल्हार के संग में लाया ।।



**प्रिया यादव**
सेज यूनिवर्सिटी, इंदौर मध्यप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## भीष्म का दर्द

सही गलत का ज्ञानी मैं,
फिर भी मौन रहा।
बंधा एक वचन से ऐसा ,
विनाश को निमंत्रण दिया ।
पांडवो केअन्याय पर,चुपचाप बैठा रहा।
यज्ञांगी के अपमान पर,सर झुकाये मैं रहा ।
पिता प्रेम के कारण में
भीष्म प्रतिज्ञा में बंधा रहा।
तोड़ पाता यदि वचन मैं,
महाभारत नही हो पाता ।
एक वचन के खातिर मैंने,
राजपाट सब त्याग दिया।
सांसारिक सुखों को मैंने,
पलभर में ही त्याग दिया ।
इच्छा मृत्यु का वर पाकर भी,
कुल विनाश का कारण बना।
तोड़ देता यदि अपने मौन को,
महाभारत सा अनर्थ नही होता।
धर्म विजय के रथ पर मैं
रोड़ा तो नही बनता।
शिखंडी का बहाना लेकर
पुत्र अर्जुन की पीड़ा को सहा।
मृत्यु का आह्वाहन कर
अपने प्रण का मान रखा।
मेरे कर्मों का फल ही मुझे,
शर शैया पर सुला गये।
मेरी हठ और जिद ही मुझे,
कुल का विनाश दिखा गये।
क्या कोई जान पायेगा,
सक्षम होते हुए भी,शर शैया पर सोने
का दर्द अपने लोगों को अपने
सामने,खोने का दर्द ।
क्या कोई देख सकता है यूँ,
अपने स्वजनों का रक्त।
थक गया हूँ मैं अब प्रण का बोझ
उठा उठा कर।
माँ मुझकों भी समा ले,अपने
स्नेह की छाया।



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा,राजस्थान

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# संसार को ज्ञान देने वाला राज्य बिहार

बिहार का इतिहास सदियों पुराना है। इस राज्य का उल्लेख वेदों पुराणों और महाकाव्यों में मिलता है। गंगा, फल्गु,पुनपुन,सोन आदि नदियाँ जिसके पाँव पखारती है, उस बिहार की धरती हमेशा से विश्व पूजित रही है। 22 मार्च 1912 को बंगाल विभाजन हुआ उसके बाद बिहार राज्य अस्तित्व में आया। इसी दिवस को बिहार दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचीन समय में बिहार को मगध के नाम से जाना जाता था। बिहार प्रदेश से वर्ष 1935 में एक अलग राज्य बनाया गया जिसका नाम उड़ीसा हुआ।वर्ष 2000 में बिहार से ही एक और राज्य अलग किया गया और उसका नाम झारखंड हुआ। बिहार राज्य की राजधानी पटना है। पटना का ही प्राचीन नाम पुष्पपुर, पाटलिपुत्र या कुसुमपुर पाया गया है। बिहार नाम के प्रादुर्भाव की कहानी दिलचस्प है बौद्ध सन्यासी जिस स्थान पर निवास करते थे उस स्थान को विहार कहा जाता था उसी विहार के नाम को लेकर इसे विकृत रूप में समय अंतराल में बिहार कहा जाने लगा। यह राज्य ऋषियों महर्षियों की तपोस्थली रहा है। प्रभु श्री राम लक्ष्मण के गुरु विश्वामित्र का आश्रम बिहार के बक्सर में स्थित था यहां पर ऋषि विश्वामित्र ने उन्हें लाकर शिक्षा दिया। ताड़का आदि राक्षसों का वध सहित अहिल्या आदि श्रापितों का उन्होंने उद्धार भी करवाया।बिहार के सीतामढ़ी नामक जगह माता सीता का जन्म स्थली है। बिहार में वर्तमान मे 38 जिले है।यहाँ का राष्टीय पक्षी गौरैया,पुष्प गेंदा तथा वृक्ष पीपल है।

बिहार की भूमि पर बुद्ध जैसे महात्माओं को ज्ञान प्राप्त हुआ। बालक सिद्धार्थ ज्ञान अर्जित कर महात्मा बुद्ध बने और उस ज्ञान से विश्व को प्रकाशित कर भगवान बुद्ध। महात्मा बुद्ध ने संसार को अपने उपदेशों से शांति का उपाय दिया। दुःख के कारण और निवारण के अष्टांगिक मार्ग भी प्रदान किए। उन्होंने बहुजन हिताय की भावना रहकर कल्याण की नींव रखी।भारत सहित चीन, जापान, श्रीलंका, वर्मा आदि देशों में उन्हें अनुसरण करने वाले लोग विद्यमान हैं। उनके प्रमुख अनुयायियों में आनंद,अनिरुद्ध, महाकश्यप,रानी खेमा थे। अखंड भारत सम्राट अशोक भी उनके ही अनुयायी थे।

बिहार की ही भूमि पर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कुंडलपुर वैशाली में हुआ था। उन्होंने 30 वर्ष की आयु में आत्म कल्याण की भावना से कठिन तप कर ज्ञान प्राप्त किया एवं उस ज्ञान को प्रसारित किया। बिम्बिसार, कुनिक,चेटक जैसे महान राजा उनके अनुयायी रहे। सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली बिहार(पटना) में ही है। शून्य का अविष्कार गणित की दुनियाँ में एक महान खोज है इसके खोज करने वाले बिहार के ही थे-आर्यभट्ट। जिनका नाम पूरी दुनिया बड़े ही सम्मान के साथ लेती है। शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत ने बिहार की ही पावन भूमि से जन्म लेकर संसार को चिकित्सा की ओर अग्रसर किया। बिहार वो गौरवशाली राज्य है जहाँ से भारतवर्ष के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद चुने गए।

प्राचीन काल से ही यहाँ का शिक्षा समृद्ध रहा है। यहाँ के नालन्दा विश्विद्यालय,तक्षशिला विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए पूरे विश्व से लोग आते थे। मेगास्थनीज आदि दार्शनिक यहाँ के ज्ञान,धर्मादि से प्रभावित थे।मेगास्थनीज ने यहाँ का वर्णन करते हुए लिखा है यहाँ के लोग सभ्य है सभी एकजुट होकर रहते है। भौगोलिक दृष्टि से बिहार के उत्तर में नेपाल तथा दक्षिण में झारखंड स्थित है वहीं पश्चिम में उत्तर प्रदेश तथा पूर्व में पश्चिम बंगाल की सीमा जुड़ी है।बिहार राजनीति का भी प्रधान केंद्र रहा है। जब भी राजनीति की बात आती है हमेशा चाणक्य का नाम प्रथम होता है। तक्षशिला विश्वविद्यालय के आचार्य रहे चाणक्य जैसी राजनीति में निपुणता किसी की नहीं रही है। बिहार में जन्मे चाणक्य ने अनेक नीतियाँ दी है जिसका अध्ययन आज भी लोग करते है।


भारत के महान शासक अशोक का जन्म भी इसी पावन धरा पर हुआ। जिनका चक्र अर्थात अशोक चक्र भारत के आन,बान और शान तिरंगे में लहराता है।

यहां के दर्शनीय एवं पर्यटक स्थलों में माँ मुण्डेश्वरी मंदिर,पावापुरी बोधगया देव सूर्य मंदिर,बक्सर(ताड़का वध स्थली व अहिल्या उद्धार स्थली), सीतामढ़ी,बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर, पाट लिपुत्र (गुरु गोविंद सिंह जन्मस्थली), नालंदा विश्वविद्यालय, विश्व शांति का स्तूप, शेरशाह सूरी सासाराम का मकबरा,अशोक स्तंभ, वैशाली जल मंदिर आदि प्रमुख है।मिथिला पेंटिंग जो आज विश्व प्रसिद्ध है सैकड़ों वर्ष पुराने होने के बाद भी वर्तमान समय में भी अपने आकर्षक अंदाज के लिए प्रसिद्ध है।लोग इसके दीदार के लिए दूर-दूर से आते है।यहाँ के हरिहर क्षेत्र मेले जो एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला है(सोनपुर मेले) को भी देखने दूर दूर से लोग आते है। इसके अलावा पितृपक्ष मेला(गया),बुद्ध पूर्णिमा मेला प्रमुख है।महात्मा गाँधी ने बिहार की धरती चम्पारण से ही प्रथम सत्याग्रह का प्रारंभ किया था।इस स्थली को भी लोग आदर से देखने आते है।इस धरा की महिमा अद्भुत है। 80 वर्ष के अवस्था में वीर कुँवर सिंह ने युद्ध करते हुए अंग्रेजों को अपना लोहा मनवाया।

आज दुनिया के अधिकांश देशों में शासन का डेमोक्रेटिक सिस्टम है इसकी शुरुआत करने वाला भी बिहार राज्य ही है।

यहां का प्रमुख अभ्यारण्य में राजगीर अभ्यारण्य राजगीर ,वाल्मीकि नगर चंपारण , भीमबांध अभ्यारण्य मुंगेर , गौतम बुद्ध अभ्यारण्य गया , कांवर झील पक्षी अभ्यारण्य बेगूसराय आदि है।

यहां का प्रसिद्ध व्यंजन लिट्टी चोखा है।यहाँ की गुड़ की बनी मिठाई एवं जलेबी भी लोगों को भांति है।वास्तव में बिहार का इतिहास गौरवशाली एवं महान रहा है।




**राजीव नंदन मिश्र**
-सरना, तहसील-शाहपुर

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## होली के ये रंग

हर रंग बोले है,
भर खुशियों से झोली,
माथे लगा गुलाल से टीका,
है यह होली
होलिका का दहन हैं,कर हल्ला-गुल्ला,
रंगों का बौछार है,रँगदे पूरा मोहल्ला द्य
रँगदे पूरा मोहल्ला,
भले राम हो या मुल्ला,
रंगों में ही नहला दे ,
बचे न कोई लल्ला
रँगने से दिखे,क्या गोरा और साँवला
ज्यूँ श्याम रंग में
राधा का तन-मन धवला
प्रेममाय वातारण है,
होली गंगा संग आई,
मास फाल्गुन घर-घर फगुआ
गुनगुनाई
इक-दूजे को रंग
साजन-सजनी लगाए ,
प्रेम की भांग में दोनों
थिरकते चले जाए
होली के ये रंग,
कलियाँ निखार है लाई
लाल-पीले रंगों से धरा
चुनरिया लहराई
धुड़खेल रंगों,उत्साह और
मस्ती भर छाई,
पिचकारी रंगोंवाली
जिमि बरसाने आई
मची धूम-हुल्लड़,
मनु सतरंगी में पिरोकर
हर मुखड़ा रंगीन,
हँसता सब को भिगोकर
लाल-पीले रंगों-सा
हम भी घुल मिल जाए,
पक्के रिश्ते बना,
मन उल्लास से पर्व मनाए



**वर्षा शिवांशिका**
कुवैत

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# नीरस होती,होली की मस्ती,रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली

होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्योहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि ' न हंसी- ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग' ऐसा क्या फाल्गुन? न पानी से भरी 'खेळी' और न ही होली का...रे का शोर। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....ताम्बा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं।

फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही 'फाग' शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी। होली खेलते समय पानी की खेली में लोगों को पकडक़र डाल दिया जाता था। कोई नाराजगी नहीं, सब कुछ खुशी-खुशी होता था। वसन्त पंचमी से होली की तैयारियां करते थे। चौराहो पर समाज के नोहरे व मंदिरों में चंग की थाप के साथ होली के गीत गूंजते। रात को चंग की थाप पर गैर नृत्य का आकर्षण था। बाहर से फाल्गुन के गीत व रसिया गाने वाले रात में होली की मस्ती में गैर नृत्य करते थे।

पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली।

जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्तों का मिठास खत्म होता जा रहा है। जहां तक होली का सवाल है तो अब मोबाइल और इंटरनेट पर ही 'हैप्पी होली' शुरू होती है और खत्म हो जाती है। अब पहले जैसा वो हर्षोल्लास नहीं रह गया है। पहले बच्चे टोलियां बनाकर गली-गली में हुड़दंग मचाते थे। होली के 10-12 दिन पहले ही मित्रों संग होली का हुड़दंग और गली-गली होली का चंदा इकट्ठा करना और किसी पर बिना पूछे रंग उड़ेल देने से एक अलग प्यार दिखता था। इस दौरान गाली देने पर भी लोग उसे हंसी में उड़ा देते थे। अब तो लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

पहले परायों की बहू-बेटियों को लोग बिल्कुल अपने जैसा समझते थे।



पूरा दिन घरों में पकवान बनते थे और मेहमानों की आवभगत होती थी। अब तो सबकुछ बस घरों में ही सिमट कर रह गया है। आजकल तो मानों रिश्तों में मेल-मिलाप की कोई जगह ही नहीं रह गई हो। मन आया तो औपचारिकता में फोन पर हैप्पी होली कहकर इतिश्री कर लिए। अब रिश्तों में वह मिठास नहीं रह गया है। यही वजह है कि लोग अपनी बहू-बेटियों को किसी परिचित के यहां जाने नहीं देते। पहले घर की लड़कियां सबके घर जाकर खूब होली की हुल्लड़ मचाती थीं। अब माहौल ऐसा हो गया है कि यदि कोई लड़की किसी रिश्तेदार के यहां ही ज्यादा देर तक रुक गई तो परिवार के लोग चिंतित हो जाते हैं कि क्यों इतना देर हो गया। तुरंत फोन करके पूछने लगते हैं कि क्या कर रही हो, तुम जल्दी घर आओ। क्यों अब लोगों को रिश्तों पर भी उतना भरोसा नहीं रह गया है।

दूसरी ओर, होली के दिन खान-पान में भी अब अंतर आ गया है। गुझिया, पूड़ी-कचौड़ी, आलू दम, महजूम (खोवा) आदि मात्र औपचारिकता रह गई है। अब तो होली के दिन भी मेहमानों को कोल्ड ड्रिंक्स और फास्ट फूड जैसी चीजों को परोसा जाने लगा है। वहीं, होलिका के चारों तरफ सात फेरे लेकर अपने घर के सुख शांति की कामना करना, वो गोबर के विभिन्न आकृति के उपले बनाना, दादी-नानी का मखाने वाली माला बनाना, रंग-बिरंगे ड्रेसअप में अपनी सखी-सहेलियों संग घर-घर मिठाई बांटना,गेहूं के पौधे भूनना और होली के लोकगीतों को गाना। अब यह सब परंपराएं तो मानो नाम की ही रह गई हैं।

होली रोपण के बाद से होली की मस्ती शुरू हो जाती थी। छोटी बच्चियां गोबर से होली के लिए वलुडिये बनाती थी। उसमें गोबर के गहने, नारियल, पायल, बिछियां आदि बनाकर माला बनाती थी। अब यह सब नजर नही आता है। होली से पूर्व घरों में टेशु व पलाश के फूलों को पीस कर रंग बनाते थे। महिलाएं होली के गीत गाती थी। होली के दिन गोठ भी होती थी जिसमें चंग की थाप पर होली के गीत गाते थे। होली रोपण से पूर्व बसंत पंचमी से फाग के गीत गूंजने लगते थे। आज के समय कुछ मंदिरों में ही होली के गीत सुनाई देते हैं। होली के दिन कई समाज के लोग सामूहिक होली खेलने निकलते थे। साथ में ढोलक व चंग बजाई जाती थी, अब वह मस्ती-हुड़दंग कहां?

अब होली केवल परंपरा का निर्वहन रह गया है। हाल के समय में समाज में आक्रोश और नफरत इस कदर बढ़ गई है कि सभ्रांत परिवार होली के दिन निकलना नहीं चाहते हैं। लोग साल दर साल से जमकर होली मनाते आ रहे हैं। इस पर्व का मकसद कुरीतियों व बुराइयों का दहन कर आपसी भाईचारा को कायम रखना है। आज भारत देश मे समस्यायों का अंबार लगा हुआ है। बात सामाजिक असमानता की करें, इसके कारण समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, मानवता, नैतिकता खत्म होती जा रही हैं। कभी होली पर्व का अपना अलग महत्व था, होलिका दहन पर पूरे परिवार के लोग एक साथ मौजूद रहते थे। और होली के दिन एक दूसरे को रंग लगा व अबीर उड़ा पर्व मनाते थे। लोगों की टोली भांग की मस्ती में फगुआ गीत गाते व घर-घर जाकर होली का प्रेम बांटते थे।

अब हालात यह है कि होली के दिन 40 फीसदी आबादी खुद को कमरे में बंद कर लेती है। हर माह, हर ऋतु किसी न किसी त्योहार के आने का संदेसा लेकर आती है और आए भी क्यों न, हमारे ये त्योहार हमें जीवंत बनाते हैं, ऊर्जा का संचार करते हैं, उदास मनों में आशा जागृत करते हैं। अकेलेपन के बोझ को थोड़ी देर के लिए ही सही, कम करके साथ के सलोने अहसास से परिपूर्ण करते हैं, यह उत्सवधर्मिता ही तो है जो हमारे देश को अन्य की तुलना में एक अलग पहचान, अस्मिता प्रदान करती है। होली पर समाज में बढ़ते द्वेष भावना को कम करने के लिए मानवीय व आधारभूत अनिवार्यता की दृष्टि से देखना होगा।



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर, हिसार हरियाणा

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## सीखो भाव

भाव समर्पण की सीखो
सीमा से लिपटे जवान से।
भाव उपकार की सीखो
धरती की हर एक तरू से।
भाव राष्ट्रवाद की सीखो
महाराना प्रताप से।
भाव एकता की सीखो
चींटियों की झुंड से।
भाव समानता की सीखो
जल बहते नदी से।
भाव जोश की सीखो
रण मे लड़ते योद्धा से।
भाव मुस्कुराहट की सीखो
हर मौसम मे चलते मजदूर से।
भाव संघर्ष की तुम सीखो
एक खेती करते किसान से।
भाव सहनशीलता की सीखो
हम सबकी माता धरती से।
भाव त्याग की सीखो
भारतीय क्रांतिकारियों से।
भाव धैर्य की सीखो
राम भक्त शबरी माता से।
भाव मीत की सीखो
कृष्ण और सुदामा से।



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी फिंगेश्वर गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# होली त्योहार की तैयारी में फूल-सब्जियों से बनाए जा रहे हर्बल रंग-गुलाल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

होली त्योहार का मात्र अब पांच दिन ही शेष बचे हैं। होली की तैयारी लोगों ने शुरू कर दी है। होली में रंग-गुलाल का विशेष महत्व होता है। इसके बिना होली नहीं मन सकती है। रंग-गुलाल केमिकल युक्त नहीं होना चाहिए। केमिकलयुक्त रंग-गुलाल से सहत पर असर पड़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए सरगुजा के स्वयं सहायत समूह की महिलाएं फूलों-सब्जियों से गुलाल बनाने का काम कर रही हैं। पालक भाजी और पलाश के फूलों से बनाए जा रहे जैविक रंग त्वचा के लिए भी लाभदायक होंगे। इस हर्बल गुलाल से त्वचा का नुकसान नहीं होगा।

अंबिकापुर से लगे ग्राम डिगमा के स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि केमिकल युक्त रंगों से आंखों की एलर्जी,त्वचा में जलन सहित अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। रंग व गुलाल को बनाने के लिए गेंदा फूल, पलाश फूल चुकंदर, पालक भाजी- हल्दी सहित अन्य सब्जियों व हरे पतियों का



उपयोग किया जाता है। वहीं इसे सुगंधित करने के फूलों और गुलाब जल इत्यादि का प्रयोग किया है। इस तरह इन्हें वांछित रंग के गुलाल के आधार के साथ मिलाकर दो से तीन दिनों के लिए धूप में सुखाकर बारीक मिश्रित किया जाता है। इस तरह कई प्रक्रियाओं से तैयार गुलाल अब बाजार में बिकने के लिए तैयार हो चुका है। विशेष बात यह है कि महिलाएं प्राकृतिक हर्बल गुलाल बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण नहीं लिया है। महिलाएं केवल यूटूब से देखकर बनाने की प्रक्रिया सिखीं हैं।

### केमिकल फ्री गुलाल का बाजार में है डिमांड

हर्बल गुलाल की मांग काफी है। इसलिए आमदनी भी अच्छा होने की उम्मीद है। समूह महिलाओं बताया कि हमारे द्वारा पचास किलो हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है और बाजार में गुलाल की काफी डिमांड भी रहती है साथ ही सदस्यों ने बताया कि हर्बल गुलाल के पैकेट बाजार में आसानी से बिक जाते हैं। वहीं कृषि अनुसंधान केन्द्र अंबिकापुर द्वारा भी समूह की महिलाओं की मदद की जा रही है।

### मंदिरों में चढ़े फूलों का भी किया जाता है उपयोग

स्व सहायत समूह की महिलाओं ने बताया कि नेचुरल तरीके से हर्बल गुलाल बनाने के लिए पालक- लाल भाजी, हल्दी, आरा रोट व फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं मंदिरों में भगवान पर चढ़े फूलों का भी हमलोग जमा कर रंग व गुलाल बनने के लिए उपयोग करते हैं। इस बार भी लगभग पचास किलोग्राम गुलाल तैयार कर लिया गया है। जो कि अब बाजार में बिकने को तैयार है।

### त्वाचा का नहीं होता है नुकसान

कृषि अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों राजेश चौकसे ने बताया कि पूरी प्राकृतिक तरीके से हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। इनमें किसी भी तरीके का कोई कैमिकल उपयोग में नहीं लिया जाता है। फूलों और हरी सब्जियों का उपयोग कर हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। इससे त्वाचा का नुकसान नहीं होता है।

# आईजी ने बोले...चेक पोस्टों की मैनिटरिंग स्वयं समय-समय करें:एसपी



- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

कानून व्यवस्था एवं उपलब्ध बलों के संबंध में आईजी अंकित गर्ग ने गुरुवार को पुलिस को-आर्डिनेशन सेंटर में बैठक ली। समीक्षा के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में बलों की आपूर्ति को पूर्ण करने व आने वाले केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के आवश्यकतानुसार मूलभूत सुविधाएं, व्यवस्था, संसाधनों तथा फोर्स को मतदान केंद्र व मतगणना स्थल पर डेप्लॉयमेंट से संबंधित विभिन्न विषयों में विस्तृत चर्चा की गई। आईजी ने आदर्श आचार संहिता एवं होली त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रक्षित केंद्र में पर्याप्त बल रिजर्व रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं रेंज के जिला इकाइयों में उपलब्ध जिला बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल व नगर सेना के बलों के बारे में जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव के साथ-साथ आने वाले होली त्योहार को देखते हुए आप अपने इकाई में अधिक से अधिक संख्या में बल रिजर्व में रखें। ताकि समयानुसार आकस्मिकता की स्थिति में वीआईपी आगमन, कानून व्यवस्था हेतु उपरोक्त बल को ड्यूटी लगाने में सुगमता हो। इस दौरान आईजी ने सभी पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिया गया कि जिला मुख्यालय एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में बने चेक पोस्टों की मैनिटरिंग स्वयं समय-समय पर करते रहें। साथ ही पर्याप्त बल लगाने व चौकसी बढ़क़र संदिग्ध गतिविधियों वाले व्यक्तियों पर सतत निगरानी बनाएं रखने के लिए जवानों को निर्देशित करें। किसी भी प्रकार की कोई अवैध वस्तु पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में आरिफ शेख आईजी छ्सबल उत्तर क्षेत्र सरगुजा, उमनि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एमआर आहिरे, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ. लाल उमेद सिंह, पुलिस अधीक्षक सरगुजा विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार, पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर चंद्र मोहन सिंह, एवं राजेश पाण्डेय संभागीय सेनानी नगर सेना अम्बिकापुर, पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे, 18 वीं वाहिनी मनेंद्रगढ़, सेनानी 10 वीं वाहिनी छ्सबल सिलफिली, पीटीएस मैनपाट, डिप्टी कमांडेंट 12 वीं वाहिनी रामानुजगंज के अलावा ,शिव कुमार कठौतिया सेनानी कमांडेंट नगर सेना, संजय कुमार गुप्ता सेनानी कमांडेंट नगर सेना, तृप्ति सिंह राजपूत रक्षित निरीक्षक सरगुजा मौजूद रहे।

# नशीले इंजेक्शन व सीरप के साथ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन व सीरप बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे स्कूटी सवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

मणिपुर थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल को मुखबिर से जानकारी मिली की एक व्यक्ति स्कूटी में नशीले इंजेक्शन व सीरप रखकर बिक्री करने के लिए ग्रहक की तलाश कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ने टीम के साथ घेराबंदी



कर संदेही को हिरासत में लेकर स्कूटी की तलाशी ली तो 7 नग नशीले इंजेक्शन व 7 नग सीरप पाया किया। पुलिस ने स्कूटी सहित नशीले इंजेक्शन व सीरप को जब्त कर आरोपी दर्रीपारा निवासी पप्पू साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# ध्यान से मन शांत और एकाग्रता से शरीर रहता है उर्जावान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में गुरुवार को एक कृषि छात्रों के कौशल एवं व्यक्तित्व विकास पर आयोजित समीनार का आयोजन किया गया। जिसमें राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके सिन्हा द्वारा लक्ष्य निर्धारण और समय प्रबंधन के महत्ता के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया तथा यह भी बताया कि छात्र कैसे समय का सदुपयोग कर सफल हो सकते हैं। इसके उपरांत कुमारी विद्या दीदी निदेशक ब्रह्म कुमारी ईशवरीय विश्वविद्यालय द्वारा व्यक्तित्व विकास में योग और ध्यान के महत्व को बताया गया साथ ही साथ यह बताया की ध्यान से मन शांत और एकाग्रता शरीर उर्जावान रहता है। जिससे सकारात्मक सोंच उत्पन्न होती है। राम कुमार



सिंह सह निदेशक खेल विभाग ने स्वस्थ शरीर का महत्व युवा जीवन में किस प्रकार होता है इस विषय में बताया एवं यह भी बताया की खेल एवं व्यायाम से शारीरिक, बौधिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ एकता की भावना से ही हमारे समाज का उत्थान संभव है। ज्योति माला सिंह, मनोवैज्ञानिक होली क्रास हॉस्पिटल द्वारा जीवन में तनाव से मुक्ति के उपायों के विषय में चर्चा की एवं छात्रों को तनावमुक्त जीवन के फायदे भी बताए। डॉ. वीके सिंह, प्राध्यापक सस्य विज्ञान विभाग द्वारा छात्रों को कुशल नेतृत्व के बारे में अवगत कराया और यह बताया गया की जीवन में आगे बढने के लिए अनुशासन कितना आवश्यक है। उसके उपरान्त डॉ. पीके जायसवाल प्राध्यापक, कृषि विस्तार द्वारा सोशल मीडिया का छात्रों के शैक्षणिक जीवन में महत्व के विषय में प्रकाश डाला गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीलम चैकसे, सह-प्राध्यापक द्वारा दिया गया। मंच का संचालन डॉ. रंजीत कुमार सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के अधिकारी डॉ. केएल. पैकरा, डॉ. पीके भगत, डॉ. आरएस सिदार, डॉ. एसआर दुबोलिया, किरण तिग्गा, डॉ. अरुण नायक, अखिलेष कुमार लकड़ा, विकास कुमार, डॉ. आर्यमा भारती, जयंत कुमार राजवाड़े, यमलेश कुमार, डॉ. हरिश कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।

# धारदार हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)। धारदार हथियार के साथ मणिपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



मणिपुर पुलिस को गुरुवार को जानकारी मिली की साड़बार बैरियर के पास एक युवक हाथ में तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी अंशु सोनवानी निवासी सांड़बार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से तलवार भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# रज़ा यूनिटी फाउंडेशन हॉस्पिटल में आए हुवे मरीज़ के परिजन और मुसाफिरों के लिए कर रहे हैं सेहरी व इफ्तार की व्यवस्था



- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

अल्पसंख्यक संगठन रज़ा यूनिटी फाउंडेशन जिला सरगुजा की जानिब से मुसाफिरों और हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के परिजनो के लिए माहे रमज़ान मे सेहरी व इफ्तार का इंतज़ाम किया जा रहा है ज़िला हॉस्पिटल अम्बिकापुर बस स्टैंड रेलवे स्टेशन और अन्य जगहों पर मौजूद लोगों के लिए संगठन के लोगों के द्वारा संपर्क कर प्रतिदिन लोगों को सेहरी व इफ्तार पहुंचाया जा रहा है। रजा यूनिटी फाउंडेशन के ज़िला अध्यक्ष मंसूर आलम रजवी की अगुवाई में इस कार्य को किया जा रहा है वहीं शेख आमीन हुसैन, मुहम्मद नूर, समीर खान, मतलूब हुसैन, रकीब गुलज़ार रिंकू, अख्तर अली, इकबाल मंसूरी, आरिफ रंगरेज़, वगैरह भी लगातार इस कार्य को कर रहे हैं जिससे की मरीजों के परिजन को सहूलत मिल रही है रज़ा यूनिटी फाउंडेशन ज़िला सरगुजा ने गरीबों वजरूरतमंदों के लिए नए कपड़े और जरूरत के सामान का भी इंतज़ाम किया है वहीं बारह साल से कम उम्र के रोजेदार बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए ईद बाद (नन्हें रोजेदार) कार्यक्रम का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया है ।

# सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए लोगों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी



- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा आगामी आमचुनाव एवं होली त्यौहार के दृष्टिकोण शांतिपूर्ण वातावरण माहौल कायम रखने के लिए शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। इससे हो रहे सडक़ दुर्घटनाओं को रोकी जा सकेगी। 21 मार्च को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में पुलिस टीम द्वारा आमजनों राहगीरों को यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने हेतु हिदायत दी गई है। शहर के चौक-चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल का कड़ाई से पालन करने हेतु समझाईश दी गई, एवं ग्रीन सिग्नल होने पर ही सडक़ पार करने की हिदायत दी गई। वाहन रोकने की स्थिति में चौक-चौराहों पर स्टॉप लाईन को क्रॉश न करने हेतु समझाईश दी गई। तथा अपने बायें साईड की सडक़ खाली रखने हेतु भी हिदायत दी गई है, जिससे अन्य वाहन जो बायें तरफ रोड़ में जाना चाहते हैं वे आसानी से जा सकेंगे। सरगुजा पुलिस द्वारा आगामी आमचुनाव एवं होली त्यौहार के दृष्टिकोण शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु यातायात नियमों का पालन कराने हेतु अभियान निकट भविष्य मे भी जारी रखे जाएगी।

# आज भी सुनवाई में नहीं पहुंचा बंशू लोहार, कलेक्टर ने पेश करने पर सुरक्षा देने को कहा...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित भूमि गबन के मामले की आज सुनवाई सरगुजा कलेक्टर के न्यायालय में की गई। लेकिन आज भी बंशू लोहार कलेक्टर कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ ।जबकि बंशु के तरफ से जवाब पेश करने आए अधिवक्ता से कलेक्टर ने बंशू लोहार को कोर्ट में एक सप्ताह के अंदर पेश कराने का निर्देश दिया। बंशू लोहार को हाजिर करने के लिए कलेक्टर ने सरगुजा एसपी को भी पत्र लिखा है। बताया जा रहा है कि प्रकरण चर्चा में आने के बाद से बंशू लोहार गायब है।

सुनवाई में कलेक्टर भोस्कर विलास ने अधिवक्ता से सवाल किया कि...क्या आप कभी बंसू से मिले हो तो नहीं का जबाव आया। अधिवक्ता ने बंसू के पोते के आग्रह पर उनकी ओर से वकालतनामा प्रस्तुत करने की जानकारी दी। कलेक्टर ने इस पर जानना चाहा कि यह कैसे संभव है? उन्होंने अधिवक्ता से कहा कि...न्यायालय पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराएगा ऐसे में क्या बंसू को न्यायालय में उपस्थित किया जा सकता है ? इस पर भी सहमति नहीं दी गई बल्कि बंसू लोहार की ओर से प्रेषित अभ्यावेदन को अस्वीकार करने आग्रह कर दिया गया।





### जमीन खरीददारों ने पेश किया अपना बैंक स्टेटमेंट

मामले के संबंध में कलेक्टर न्यायालय ने जमीन खरीददारों से उनका बैंक स्टेटमेंट मांगा था। जिसे प्रकरण में हाजिर हुए अधिवक्ताओं ने जमीन खरीदने वाले पक्षकारों की ओर से उनका बैंक स्टेटमेंट न्यायालय में पेश किया। मामले की अगली सुनवाई 28 मार्च को निर्धारित की गई है। 28 मार्च को कलेक्टर विलास भोस्कर ने मामले के निर्णय की तिथि भी निर्धारित की है। माना जा रहा है कि 28 मार्च को कलेक्टर न्यायालय से निर्णय भी हो जाएगा।

### उपनाम को लेकर संशय बरकरार

भू-माफिआओं द्वारा जिस बंसू लोहार को मोहरा बनाकर अंबिकापुर शहर की बेशकीमती जमीन का वारा-न्यारा किए जाने का आरोप लग रहा है उसके उपनाम को लेकर भी उलझन बरकरार है। जिस वर्ष उसके नाम कथित रूप से पट्टा जारी हुआ था उसमें बंसू लोहार था। कुछ दस्तावेजों में यह अगरिया तथा राम भी लिखा है। कालांतर में जमीन से जुड़े इस मामले के दस्तावेज में कहीं-कहीं उपनाम विश्वकर्मा भी लिखा गया है।

# बच्चों के प्रति उचित व्यवहार नहीं करने पर शिक्षक निलंबित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिगड़ी के व्याख्यता (एलबी) संतोष तिवारी को स्कूल के बच्चों के प्रति उचित व्यवहार नहीं करने पर आयुक्त सरगुजा संभाग द्वारा निलंबित किया गया है। बुधराम ने जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत किया था कि उसके पुत्र के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिगड़ी के व्याख्यता (एलबी) संतोष तिवारी द्वारा मारपीट किया गया है। उक्त आवेदन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच में शिक्षक संतोाष तिवारी द्वारा अध्ययनरत छात्र नानसाय के साथ कक्षा में अध्यापन के दौरान नोट कॉपी नहीं लाने पर शारीरिक रूप से दण्ड के रूप में झापड़ मारने तथा कक्षा से बाहर निकालने की शिकायत प्रथम दृष्टिया पुष्टि हुई है। शिक्षक का उक्त कृत्य बच्चों के प्रति सम्यक व्यवहार नहीं किए जाने की श्रेणी में आता है। जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरित है। उक्त कृत्य के लिए संभागायुक्त जीआर चरेन्द्र द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग अम्बिकापुर किया गया है।



# चीन ने की पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह पर आतंकी हमले की कड़ी निंदा,कहा-आतंकवाद के खिलाफ हम एकजुट



**बीजिंग,21 मार्च 2024।** गुरुवार को ग्वादर बंदरगाह पर आतंकी हमले की चीन ने कड़ी निंदा की है। साथ ही आतंकवाद से लड़ने और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन किया है। गौरतलब है कि ग्वादर बंदरगाह चीन के अरबो डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) का हिस्सा है।

### आठ आतंकियों को किया गया ढेर:पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, अशांत बलूचिस्तान प्रांत में ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर पर आतंकियों ने हमला किया। जवानों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में दो सैनिकों की मौत हो गई और आठ बलूच आतंकियों को ढेर किया गया है।

### आतंकवाद के हम सख्त विरोधी- लिन जियान

इस बीच, चीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि हमने रिपोर्ट्स पर गौर किया है। हमने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और हमले में मारे गए पाकिस्तानी कर्मियों के लिए शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि चीन आतंकवाद का सख्त विरोधी रहा है। बंदरगाह परिसर में कई सरकारी और अर्धसैनिक कार्यालय हैं और रणनीतिक रूप से स्थित ग्वादर बंदरगाह अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के केंद्र बिंदुओं में से एक बना हुआ है।

### बलूचिस्तान रहा हिंसक विद्रोह का केंद्र

ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से चल रहे हिंसक विद्रोह का केंद्र रहा है। बलूच विद्रोही समूहों ने पहले भी 60 अरब अमेरिकी डॉलर की सीपीईसी परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

आठ फरवरी को आम चुनाव के बाद से ही बलूचिस्तान प्रांत में कई आतंवादी गतिविधियों देखी गई। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों में हिंसा से संबंधित 1,524 मौतें और 1,463 घायल हुए, जो छह साल का रिकॉर्ड उच्चतम स्तर है।

# इस मामूली एडिटिंग पर हंगामा क्यों? केट मिडलटन की तस्वीर को लेकर जारी विवाद पर ट्रंप की चुटकी



**लंदन, 21 मार्च 2024।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन की तस्वीर के साथ छेड़छाड़ की गई मामले पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि वेल्स की राजकुमारी ने वही किया जो सब करते हैं। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है।


### ट्रंप ने ली चुटकी

मीडिया को साक्षात्कार देते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, ÷इसमे कोई बड़ी बात नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हर कोई तस्वीरों के साथ एडिटिंग करते हैं। आप फिल्मी अमिनेताओं को देखते हैं और उनसे मिलते हैं। उन्हें देखते ही आप यह सोचते हैं कि क्या तस्वीर में यही व्यक्ति है। मैंने वास्तव में उस पर गौर किया और इसमे बहुत ही मामूली एडिटिंग की गई थी। मुझे समझ नहीं आ रहा कि इस पर इतना हंगामा क्यों हो रहा?

### क्या था पूरा मामला

बता दें कि पेट की सर्जरी के बाद मदर्स डे पर वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन की पहली तस्वीर सामने आई थी। इस तस्वीर में राजकुमारी केट मिडलटन मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं। तस्वीर में केट के तीनों बच्चे जॉर्ज, चार्लेट और लुइस भी थे। उनकी ये तस्वीर उनके पति प्रिंस विलियम ने ही क्लिक किया था। तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा था, बीते दो महीनों में आपकी दुआओं और समर्थन के लिए धन्यवाद। सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं। हालांकि, बात में इस तस्वीर को अपने प्लेटफॉर्म से हटाते हुए न्यूज एजेंसियों ने बताया है कि ऐसा लगता है कि तस्वीर से छेड़छाड़ की गई है।

# यूक्रेन की राजधानी पर रूस का मिसाइल हमला,कम से कम आठ लोग घायल



**कीव, 21 मार्च 2024।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध जारी है। इस बीच रूस ने एक बार फिर गुरुवार तड़के कीव पर मिसाइल हमले किए। इस हमले में कम से कम आठ लोग घायल हुए। वहीं कई आवासीय इमारतें व औद्योगिक प्रतिष्ठान क्षतिग्रस्त हो गए।

बताया जा रहा है कि यूक्रेन ने जवाबी हमले किए, जिसके कारण राजधानी में सुबह पांच बजे के आसपास जोरदार धमाके सुने गए। वहीं, हवाई हमले की चेतावनी सुबह छह बजकर 10 मिनट पर समाप्त हुई।

न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, यह हाल के हफ्तों में यूक्रेन की राजधानी पर हुआ सबसे बड़ा हमला है। हालांकि, फिलहाल नुकसान का पता नहीं चला है।

### मलबा गिरने से लगी आग

यूक्रेन की सेना ने बताया कि रूस ने हाइपरसोनिक और बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया। कीव के पार्षद विताली क्लिट्सको ने बताया कि वायु रक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई कर मिसाइलों को मार गिराया। इन मिसाइलों का मलबा शहर के विभिन्न हिस्सों में गिर गया, जिससे कम से कम तीन आवासीय इमारतों और पार्किंग स्थलों में आग लग गई। हमले को देखते हुए पहले से ही आपातकाली सेवाओं को सतर्क कर दिया गया था।

### सैन्य सहायता की आवश्यकता

बता दें, हवाई हमला ऐसे समय में हुआ, जब रूसी सेना 600 मील से अधिक की सीमा रेखा के साथ कई स्थानों पर जमीनी हमलों के साथ आगे बढ़ रही है। इस हमले से एक दिन पहले ही यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा था कि देश को हमलों से बचाने के लिए सैन्य सहायता की आवश्यकता है।

# पश्चिम एशिया के दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे एंटनी ब्लिंकन, इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद छठा दौरा



**वाशिंगटन, 21 माच 2024।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन एक बार फिर पश्चिम एशिया के दौरे पर हैं। अपने दौरे के तहत अमेरिकी विदेश मंत्री बुधवार को सऊदी अरब पहुंचे। एंटनी ब्लिंकन, सऊदी अरब सरकार के साथ इस्राइल हमास के बीच युद्धविराम के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। साथ ही अमेरिका की कोशिश है कि इस्राइल-हमास युद्ध अरब क्षेत्र में फैलने न पाए।

### इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद छठा दौरा


अमेरिकी विदेश मंत्री सऊदी अरब के बाद गुरुवार को मिस्त्र के दौरे पर जाएंगे और वहां के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बताया कि एंटनी ब्लिकंन इस्राइल का दौरा भी करेंगे और इस्राइली सरकार के साथ बंधकों की रिहाई के प्रयासों पर बात करेंगे। साथ ही ब्लिंकन गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने के प्रयासों पर भी बात करेंगे। इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिकी विदेश मंत्री का पश्चिम एशिया का यह छठा दौरा है।

अमेरिका कोशिश कर रहा है कि सऊदी अरब, इस्राइल के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करे। इसके बदले में इस्राइल, फलस्तीन को कुछ राहत दे। साथ ही सऊदी अरब चाहता है कि अमेरिका और इस्राइल उसके परमाणु कार्यक्रम को बनाने में समर्थन दें। सऊदी अरब, अमेरिका से सैन्य मदद भी चाहता है। सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान और अमेरिका के राष्टपति जो बाइडन के बीच भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है।

### राफा पर हमले की तैयारी में इस्राइल

गुरुवार को मनीला में पत्रकारों से बात करते हुए एंटनी ब्लिकन ने कहा था कि पश्चिम एशिया के दौरे का उद्देश्य गाजा में युद्ध के बाद के हालात पर चर्चा और क्षेत्र में शांति स्थापित करना है। एंटनी ब्लिंकन का पश्चिम एशिया का दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब इस्राइल राफा पर हमले की तैयारी कर रहा है। मिस्त्र की सीमा पर स्थित राफा में बड़ी संख्या में शरणार्थी रुके हुए हैं और अगर इस्राइल राफा पर हमला करता है तो उससे बड़ा मानवीय संकट पैदा हो सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी इस्राइल के इस कदम को लेकर चिंतित हैं। अमेरिका को डर है कि राफा पर हमले के बाद इस्राइल वैश्विक स्तर पर बुरी तरह घिर सकता है और साथ ही गाजा युद्ध के बढ़ने की भी आशंका है।

# देश में तेजी से बढ़ रहा गेमिंग बाजार,अमेरिका की गेम डेवलेपर्स कॉन्फ्रेंस में पहली बार भारत का पेवेलियन




**वॉशिंगटन,21 मार्च 2024।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। खास बात ये है कि पहली बार इसमें भारत का भी पेवेलियन है। यह भारत और अमेरिका के बढ़ते संबंधों को दिखाता है। यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के सहयोग से गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में भारत के पेवेलियन का उद्घाटन किया गया है। फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने बताया कि भारत पेवेलियन का उद्घाटन भारत-अमेरिका के संबंधों में मील का पत्थर है।

### देश में तेजी से बढ़ रही गेमिंग इंडस्ट्री

गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में भारत के पेवेलियन का बुधवार को उद्घाटन किया गया। साथ ही इस दौरान इंडिया गेमिंग मार्केट रिपोर्ट भी जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का गेमिंग मार्केट साल 2023 में 3.1 अरब डॉलर था, जिसके साल 2028 तक 6 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कार्यक्रम में सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत के श्रीकर रेड्डी भी समेत कई अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। रेड्डी ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में काफी संभावनाएं हैं।

### देश में 56 करोड़ ऑनलाइन गेम खेलने वाले लोग

इंडिया गेमिंग मार्केट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अभी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में एक लाख लोग काम करते हैं और आने वाले दशक में इस सेक्टर में ढाई लाख नौकरियां पैदा होने का अनुमान है। भारत में साल 2023 में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 88 करोड़ थी, जिसके साल 2028 तक 1.2 अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2023 में ऑनलाइन गेम खेलने वाले लोगों की संख्या करीब 56 करोड़ थी, जो 2028 तक बढ़कर 89 करोड़ हो जाएगी। भारत में साल 2015 में सिर्फ 25 गेमिंग कंपनियां थीं, जो साल 2023 में बढ़कर 1400 हो गई हैं। भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा मोबाइल गेम एप डाउनलोड किए जाते हैं।

# अरुणाचल प्रदेश पर अमेरिका ने चीन का दावा किया खारिज, पन्नूं मामले को बताया बेहद गंभीर



**वॉशिंगटन, 21 मार्च 2024।** अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को खारिज कर दिया है। अमेरिका ने कहा कि हम एकपक्षीय तरीके से सीमा में किसी भी तरह के बदलाव का सख्ती से विरोध करेंगे। दरअसल बीते दिनों पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था और वहां सेला टनल का उद्घाटन किया था। पीएम मोदी के दौरे के बाद चीन ने बयान जारी कर प्रधानमंत्री के दौरे पर विरोध जताया था।

### अमेरिका ने चीन का दावा किया खारिज

बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा मानता है और हम एकपक्षीय कार्रवाई से एलएसी पर सैन्य या नागरिक तरीके से किसी भी तरह के बदलाव के खिलाफ हैं। पीएम मोदी के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा था कि शीजांग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन का अभिन्न हिस्सा है और चीन कभी भी अरुणाचल प्रदेश पर भारत के कथित कब्जे को कभी स्वीकार नहीं करेगा। चीन अरुणाचल प्रदेश को तिब्बत का हिस्सा मानता है। हालांकि चीन के बयान के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी सख्त शब्दों में चीन को जवाब दिया और अरुणाचल प्रदेश पर चीन को आईना दिखाया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि चीन के रक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया दावा पूरी तरह से बेतुका है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

### पन्नूं मामले में भारत के साथ मिलकर काम कर रहे

अमेरिका की सरकार ने कहा कि वे, गुरुपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की साजिश के मामले में भारत के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। बीते साल भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर खालिस्तानी आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नूं की अमेरिका में हत्या की साजिश रचने का आरोप लगा था। आरोप है कि निखिल गुप्ता, भारत सरकार के एक अधिकारी के साथ मिलकर पन्नूं की हत्या की साजिश रच रहा था। भारत की सरकार भी इस मामले की जांच कर रही है। अमेरिका के विदेश विभाग के अधिकारी डोनाल्ड लू ने संसद की विदेश मामलों की समिति को बताया कि हम भारत के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# भारत के साथ हमारे संबंध पहले से अधिक मजबूत,रूस से रिश्ते पर उठा सवाल तो पेंटागन अधिकारी ने कही यह बात



**वॉशिंगटन, 21 मार्च 2024।** अमेरिका के शीर्ष रक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। आज के समय में यह संबंध पहले से अधिक मजबूत हैं। साथ ही अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि रूस के साथ संबंध होने के कारण भारत के पास कई विकल्प हैं।

### पहले से कहीं अधिक मजबूत संबंध

हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा,मैं कहना चाहूंगा कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत होते जा रहे हैं। एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण के लिए यह बहुत जरूरी है।

### यह है मामला

बता दें, रैटनर रैंकिंग सदस्य एडम स्मिथ के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, हम कई क्षेत्रों में संबंध को मजबूत कर रहे हैं। हमने जेट इंजन को लेकर कुछ प्रगति की है। इसके अलावा हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं हैं, जो उन संबंधों को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

स्मिथ ने कहा, मैं उन्हें महत्वपूर्ण समझता हूं, लेकिन मैं निश्चित रूप से भागीदार नहीं बनूंगा क्योंकि उनका संबंध रूस के साथ है और इससे उनके पास विकल्प ज्यादा हैं। उनके दुनिया भर में हमारे कई विरोधियों के साथ संबंध हैं। मुझे लगता है कि उन्हें हमारे साथ और अधिक काम करने के लिए आगे बढ़ना हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने रैटनर से पूछा कि वह भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को कैसे देखते हैं और इसे मजबूत करने के लिए क्या जरूरी है।

### स्मिथ के सवाल का जवाब

इस पर सहायक रक्षा मंत्री ने बताया कि वह अपने निजी क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं, विशेष रूप से रक्षा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में काम किया जा रहा है। इसके अलावा संबंधों को मजबूत करने के लिए हमारे पास कुछ महत्वपूर्ण नई योजनाएं हैं।

# चीन-ताइवान में फिर तनातनी,पीएलए के 32 लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ की कोशिश



**ताइपे,21 मार्च 2024।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। बुधवार और गुरुवार सुबह को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि 32 चीनी लड़ाकू विमान 20 से 21 मार्च को सुबह करीब छह बजे ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के पांच युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए।

### चीन और ताइवान के बीच एक अनौपचारिक सीमा

रक्षा मंत्रालय का दावा है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के इन 32 विमानों में से 20 युद्धक विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को लांघा और दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिणपूर्वी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए। बता दें चीन और ताइवान के बीच यह जल संधि एक अनौपचारिक सीमा है।

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कल ताइवान में 15 चीनी सैन्य विमान और 10 नौसैनिक जहाज घुस आए। इतना ही नहीं चीन के 15 विमानों में से छह ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में घुस गए। हालांकि उस समय किसी भी विमान ने ताइवान स्ट्रेट मीडियन लाइन को पार नहीं किया था।

इसके बाद ताइवान के बलों ने स्थिति पर नजर रखी और गतिविधियों के जवाब में सीएपी विमान, नौसेना के जहाजों और तटीय मिसाइलों प्रणालियों को तैनात किया।

### ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता

रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2020 से चीन ने ताइवान के आसपास सक्रिय सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि करके ग्रे जोन रणनीति के अपने उपयोग को बढ़ा दिया है। गौरतलब है चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। चीन के दबान के कारण सिर्फ 10 से अधिक देशों ने ताइवान को एक अलग देश के रूप में मान्यता दी हुई है।

# क्या तकालीन प्रभारी डीपीएम और सीएमएचओ की जोड़ी टूटने से सुधरेगी कोरिया जिले की स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था ?

## खबर के बाद कोरिया के पूर्व डीपीएम सूरजपुर कार्यालय में उपस्थित होकर डाल रहे हैं सोशल मीडिया में फोटो...वही सीएमएचओ ने दी जिले के कर्मचारियों को अपनी सफाई

## सीएमएचओ ने कर्मचारियों को कहा पुराना डीपीएम अब चला गया है,मिलकर काम करते हैं,पूर्व डीपीएम की पीठ पीछे सीएमएचओ ने जमकर की उनकी बुराई,कहा कलेक्टर उसी की सुनते हैं क्या करूं : सूत्र

-रवि सिंह-
कोरिया,21 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

अधिकारी को यदि अपने पद की गरिमा का एहसास नही है तो वो पद के लायक नही है, ये लाइन कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ आरएस सेंगर पर फीट बैठती है,अधिकारी होते हुए पूर्व डीपीएम के निर्देश का पालन करते रहे और अब भी वही कर रहे है। आगे आगे पूर्व डीपीएम पीछे पीछे सीएमएचओ ये बीते डेढ़ वर्षो से हर कोई देख रहा है। बुधवार को उन्होंने पूर्व प्रभारी डीपीएम के जाने के बाद अपने कर्मचारियों की बैठक लेकर खुद को सही बताने और विश्वास जीतने के लिए जमकर घड़ियाली आंसू बहाए ऐसा कर्मचारी सूत्रों का कहना है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ रण सिंह सेंगर ने अपने विभाग के कर्मचारियों की बैठक बुलाई, अब तक वो अपने साथ अपने चेम्बर को अंदर से लॉक कर पूर्व डीपीएम के साथ गुप्त मंत्रणा किये करते थे, पर अब उन्हें कर्मचारियों की याद आई, बैठक में कर्मचारियों से घड़ियाली आंसू बहाते हुए कहा कि यहां की बात बाहर अब नही जाए, यहां से चेक नंबर तक बाहर गया है, दरअसल, यह बात बाहर आई थी कि एक ही खरीदी में एक ही बिल का 54 लाख का भुगतान एक ही चेक से कर दिया गया बाद में एक बिल को फाड़ कर उसके 4 बिल बनवाये गए थे। इस बात का जमकर हल्ला हुआ था, उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि पूर्व डीपीएम चला गया है अब हम सब मिलकर काम करते है जो हुआ सो हुआ, कलेक्टर उसी की सुनते है मेरी मजबूरी थी, वो समस्या तो था पर अब चला गया है। अब उसके जाने के बाद अब आप लोग मेरे साथ काम करो। अब कोई बात बाहर मत बताओ।



### कर्मचारियों का सीआर बिगाड़ा

सूत्र सीएमएचओ ऐसे पहले अधिकारी है जिन्होंने कई कर्मचारियों का सीआर बिगाड़ रखा है वैसे होता ये है अधिकारी अपने नीचे के कर्मचारियों को डांट देते है पर उनका सीआर नही बिगाड़ते, इन्होंने कर्मचारियों के खिलाफ रायपुर में पत्र लिखकर उनके खिलाफ टिप्पणी की है जिससे कर्मचारी बेहद नाराज है। वैसे ये भी सही है उनका सीआर कई वर्षो तक बिगड़ा रहा बाद में कोर्ट से जीत कर उसे दुरुस्त करवाया तो अब वो कर्मचारियों से उसका बदला ले रहे है।

### सूरजपुर के प्रभारी डीपीएम ने कार्यालय पहुंचकर अपनी उपस्थिति का फोटो स्टेटस में लगाया

सूरजपुर के प्रभारी डीपीएम सूरजपुर के कार्यालयीन समय में अपने जांच को प्रभावित करने के लिए कोरिया जिले के चक्कर काट रहा है जिस खबर को बड़ी प्रमुखता के साथ घटती घटना ने प्रकाशित किया, जिसके बाद लोगों को प्रमाण देने के लिए पहली बार सूरजपुर जिले में अपने कार्यालय पहुंचे उन्होंने उपस्थिति का फोटो स्टेटस में लगाया, ऐसा लगा कि वह जाहिर करना चाह रहे हैं कि अब वह सूरजपुर में काम करते हैं कोरिया से उन्हे कोई मतलब नहीं है पर देखना यह है कि आखिर कितने दिन तक स्टेटस लगाकर बताएंगे कि वह ईमानदारी के साथ सूरजपुर में काम कर रहे हैं?

### अब बदला लेना शुरू किया

तत्कालीन सीएस डॉ ए के करण के रिटायर होते ही अब चिकित्सको से बदला लेना शुरू कर दिया, डॉ करण के पुत्र को हटाने की तैयारी में नोटिस जारी कर दिया है,जबकि उनकी नियुक्ति स्वास्थ्य विभाग के संचालनालय से हुई है, अब वो बदला लेने में अपना पूरा जोर लगा रहे है, एक-एक करके सभी को नोटिस जारी कर रहे है। जबकि मामले में बैकुण्ठपुर विधायक भइया लाल राजवाडे ने बेवजह के नोटिस पर उन्हें फटकार भी लगाई है।

### अवकाश के दिन कोई बाहरी आएगा तो एफआईआर करवाऊंगा

सूत्रों का कहना है कि घटती-घटना ने खबर में बताया था कि अवकाश के दिन पूर्व डीपीएम और सीएमएचओ अपने प्रभारी लेखापाल के साथ मिलकर तमाम भ्रष्टाचार की फाइलों में लीपापोती कर रहे है रात में भी पूर्व डीपीएम पहुंच रहा है और इसके लिए विभाग के अधिकारी की शह प्राप्त है जिसके बाद कर्मचारियों की बैठक में उनकी बोखलाहट सामने आई कहा कि अवकाश के दिन कोई बाहरी व्यक्ति आएगा तो उसके खिलाफ वो एफआईआर दर्ज कराएंगे, जिससे साफ है वो सरकारी दफ्तर को अपने पिता की जागीर और दफ्तर को खुद की निजी संपत्ति समझने लगे है। बैठक में उनकी इस बात पर कर्मचारी बाद में जमकर मजे ले रहे थे। पर वही सवाल यह भी है की छुट्टी के दिन कोई कर्मचारी या अधिकारी क्यों कार्यालय आएगा? क्या अवकाश के दिन आने वाले अधिकारी और कर्मचारी पर भी एफआईआर होगा?

### जांच अधिकारी के पास बैठ प्रभावित कर रहे जांच

सीएमएचओ और पूर्व डीपीएम के खिलाफ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जांच होना है जिस पर किस तरह से जिला प्रशासन उन्हें बचाने में जुटा है जांच अधिकारी विनय कुमार कश्यप के पास मंगलवार को डीपीएम के 3 घंटे बैठे रहते सीएमएचओ डॉ सेंगर भी पहुंचे थे और काफी समय उनके चेम्बर में जांच को प्रभावित करने का काम किया, बुधवार को घटती घटना ने पूरे घटनाक्रम और जिला प्रशासन की नीयत का खुलासा किया था, जिसके बाद खबर से बौखलाए सीएमएचओ ने बुधवार को अपने कार्यालय के स्टाफ के साथ बैठक की, और उनके सामने घड़ियाली आंसू बहाए।

### बात बाहर नहीं जाए सिर्फ इसी पर है सीएमएचओ साहब का फोकस

जब से डॉ आरएस सेंगर सीएमएचओ बने है तब से उनका पूरा ध्यान उनकी क्रियाकलापों की बाते बाहर नही जाए उस पर ही रहा है, एक बार तो सबके हस्ताक्षर भी करवाये गए थे कि जो भी बाते बाहर लाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी,आप अंदाजा लगाइए सरकारी राशि जो जनता के लिए है उसमें पारदर्शिता लाना छोड़ सिर्फ लूटने और उसे छिपाने में लगे इस अधिकारी को जिला प्रशासन ने पूरा सहयोग देकर रखा है। अभी भी वो अपने कर्मचारियों को घड़ियाली आंसू बहा कर मीठा बोल कर अपना विश्वास जमाने मे लगे है जिसे वो पहले से ही खो चुके है, ऐसे ही जिले भर के चिकित्सकों का विश्वास भी उन्होंने खोया है जिसके कारण विभाग की सभी केंद्रीय योजनाओं का बुरा हाल है कोई भी विभाग में मन से काम नही कर रहा है।




स्व सहायता समूह की महिलाएं फूलो की महक महकाने में जुटी

# हर्बल रंगों से सराबोर होगी होली

-संवाददाता-
कोरिया,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए बैकुंठपुर के बाजारों में रंग- गुलाल, पिचकारी व मिठाइयों की ओर बड़ी संख्या में लोग ख़रीददारी करने में जुटे हुए हैं। जिला क्लेक्टरेट परिसर में भी जय सेवा सहायता महिला समूह की श्रीमती कुसुम सिंह हर्बल गुलाल का स्टॉल लगाई हुई है। उन्होंने बताया कि यह गुलाल विभिन्न फूलों से तैयार की गई। इस गुलाल में किसी भी तरह की केमिकल या सेंट का उपयोग नहीं किया गया है। बल्कि इन महिला समूहों की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक गुलाल तैयार की गई है, जिससे गुलाल लगाने वाले का तन-मन में एक सुखद अनुभूति पैदा करेगी और स्थानीय उत्पाद को अच्छा बाजार भी मिलेगा। ग्राम पंचायत रटगा के आश्रित गाँव डोंगरीपारा निवासी श्रीमती कुसुम सिंह ने बताया कि स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गुलाल के अलावा, आचार, पापड़, बड़ी, मिलेट्स से बने खाद्य सामग्री आदि तैयार की जाती है और सीमार्ट के माध्यम से खरीदी-बिक्री भी की जाती है। श्रीमती कुसुम सिंह ने बताया कि उनके द्वारा तैयार उत्पाद को रायपुर व बिलासपुर जैसे शहरों में खूब मांग की जाती है। और इसी स्वसहायता समहू की वजह से उनके समहू को 60 हजार से लेकर एक लाख रुपए तक की आमदनी हो जाती है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस बार हर्बल गुलाल का उपयोग जरूर करें ताकि स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा मिले और शरीर के लिए आरामदायक भी हो और गुलाल की महक चारो ओर प्रेम व सदभाव बिखरे।

# भाजपा की 100 दिन की सरकार कांग्रेस के 5 साल पर भारी : स्वास्थ्य मंत्री

-संवाददाता-
चिरमिरी,21 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

भाजपा जो कहती है, वह करती है. हमारे प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं और मुख्यमंत्री ने भी इस बात को चरितार्थ करते हुए जो घोषणा की थी, उसे पूरा कर रहे हैं. उक्त बातें आज छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार के 100 दिन पूरे होने पर चिरमिरी प्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी थी विष्णु देव के सरकार ने उसे बहुत तेजी से पूरा करने का काम किया है इस अल्प समय में हमारी सरकार ने गरीब किसान महिलाओं और युवाओं के हित में बड़े फैसले लिए हैं।




### क्षेत्र से पानी की समस्या अब दूर होगी

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि जल मिशन के लिए 153 करोड़ की राशि जारी कर दी गई है जिससे 100 साल तक चिरमिरी में पानी की समस्या नहीं होगी हँसिया नदी को गंगा की तरह साफ किया जाएगा चिरमिरी महेंद्रगढ़ के बीच साजा पहाड़ रोड के लिए 40 करोड रुपए की लागत से वित्तीय स्वीकृति दी गई है वही रेल परियोजना के लिए भी सरकार ने 120 करोड़ की स्वीकृति दे दी पिछले सरकार ने इसे रोक रखा था जिससे यह साबित होता है कि पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार के 100 दिन कांग्रेस के 5 साल पर भारी है।

### आम जनता के लिए बिजली बिल राहत

स्वास्थ्य मंत्री ने बिजली बिल राहत के बारे में बताया कि राज्य के 42 लाख 34हजार घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने के लिए बजट में 1274 करोड रुपए का प्रावधान है, सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का निर्णय लिया गया है जिससे युवाओं में तार्किक क्षमता के संवर्धन के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होगा भूमिहीन कृषि मजदूरी योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी इसके लिए 5 सौ करोड रुपए का बजट प्रावधान किया गया है शहीद वीर नारायण स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आयोग योजना के साथ ही शहीद वीर नारायण स्वास्थ्य योजना संचालित होगी इसके लिए 1526 करोड रुपए का बजट प्रावधान किया गया है खनिज विभाग में अब कोल परिवहन की पारदर्शिता प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली लागू की गई है कांग्रेस ने इसे ऑफलाइन कर सबसे बड़ा घोटाला किया था जिसकी जांच चल रही है और राज्य के पांच शक्तिपीठों के विकास की विस्तृत योजना बनाने हेतु 5 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है।

### संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशी घोषित नहीं

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कोरबा लोकसभा के प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की टिकट से प्रत्याशी चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है अभी तक कई संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए पिछले चुनाव में कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर सरकार की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाया और हमने सिद्ध कर दिखाया की जो घोषणा पत्र में कहा था उसे पूरा किया भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों के आवास छिनने का काम किया भाजपा मुख्यमंत्री जब तक अपने आवास में नहीं गए जब तक की आवास की राशि जारी नहीं कर दी पूरे प्रदेश में महिलाओं में प्रसन्नता की लहर व्याप्त है इतिहास में दर्ज होगा कि अभी तक किसानों के खाते में उतनी राशि नहीं गई जितनी विष्णु देव सरकार के एक ही दिन में गई पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले प्रवीण सिंह राहुल सिंह अरुणोदय पांडे रामचरित द्विवेदी उपस्थित रहे।

### आवासहीन परिवारों को आवास

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 18 लाख आवास इन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का निर्णय मुख्यमंत्री ने लिया था वह अपने निवास में तब गए जब उन्होंने 18 लाख परिवारों को आवास उपलब्ध करा दिया आवास योजना के लिए 12 हजार168 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की मातृशक्तियों को आर्थिक स्वालंबन एवं सशक्तिकरण के लिए 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में बीते 10 मार्च को 655 करोड रुपए सीधे उनके खातों में आंतरित कर दी गई।

### कृषक उन्नति योजना

वायदे के अनुसार समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में 19257 प्रति एकड़ आदन सहायता राशि के साथ के साथ ही साथ 3100 प्रति किवंटल की दर से धान खरीदी का वादा निभाते हुए 24 लाख 70 हजार से अधिक किसानों को 13320 करोड रुपए का एक मुस्त भुगतान किया गया तेंदूपत्ता संग्राहकों के प्राथमिक दर को 4000 प्रति मानक से बढ़कर 5500 प्रति मानक बोरा दिए जाने की शुरुआत कोंडागांव जिले से कर दी गई है।

### शासकीय भर्ती में पारदर्शिता

सुनिश्चित करने की पहल हमने की है लोक सेवा आयोग के राज्य सेवा परीक्षा 2021 के संबंध में प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जांच हेतु सीबीआई को प्रकरण प्रेषित कर दिया गया है रामलला दर्शन करने हेतु योजना लागू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है उन्होंने कहा कि हमने शासकीय नौकरी में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट की अवधि को 5 साल के लिए और बढ़ा दिया है लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है जिससे प्रदेश में वर्ष 2018 की स्थिति में 430 लोकतंत्र सेनानियों को प्रतिवर्ष करीबन 9 करोड रुपए का सम्मान राशि प्रदान की जाती रही उसे दिया जाएगा।

### स्वास्थ्य सुविधा का व्यापक विस्तारीकरण

स्वास्थ्य सुविधा के विषय में चर्चा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि चिरमिरी मनेद्रगढ़ जिला अस्पताल के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है चिरमिरी का जिला अस्पताल या तो लाहड़ी कॉलेज के पास बनेगा या नगर निगम के पास राज्य के प्रमुख शहरों में स्थापित बड़े मेडिकल कॉलेज के विकास के लिए 15सौ करोड रुपए का प्रावधान किया गया है।

# आबकारी विभाग ने 08 लीटर अवैध मदिरा शराब किया जब्त

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास एवं आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा आबकारी अधिनियम 1915 के विभिन्न धाराओं के तहत् अवैध प्रकरण के विरूद्ध और लोकसभा निर्वाचन 2024 आदर्श आचार संहिता के तहत कुल 08 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जिसकी न्यायालयीन कार्यवाही की जा रही है।

# चिंतामणि महाराज ने अपने गृहस्थ क्षेत्र का किया दौरा

## कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रत्याशी के लिए टिकट मिलने पर दी बधाई

-संवाददाता-
कुसमी,21 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



सरगुजा संसदीय सीट के लिये भाजपा ने चिंतामणि महाराज को सरगुजा से अपना उम्मीदार घोषित किया है,गौरतलब है की सांसद प्रत्याशी घोषित होने के बाद जानकारी की मुताबिक चिंतामणि महाराज विभिन्न क्षेत्र का दौरा भी कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी कर रहे है इसी क्रम में उन्होंने गुरुवार के दिन सामरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे है, वही कुसमी में कार्यकर्ता गणों ने चिंतामणि महाराज का जगह जगह पर स्वागत भी किया है,साथ ही उन्हें कार्यकर्ता गणों एवं भाजपा के पदाधिकारी गणों ने भाजपा से उम्मीदवार घोषित होने पर बधाई भी दे रहे है। फिर चिंतामणि महाराज अपने गृह ग्राम श्रीकोट के लिए रवाना हुए,बहरहाल चुनाव तो चुनाव होता है जो भी व्यक्ति प्रत्याशी बनता है उसे दिन रात मेहनत कर चुनाव जीतना ही लक्ष्य के तौर पर रखता है।

# आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए नये निर्माण कार्य शुरू करने पर लगा प्रतिबंध

-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में 16 मार्च 2024 से आदर्श आचरण संहिता लागू कर दी है। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए निर्माण कार्य स्थगित रखने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया कि जिले में 16 मार्च से कोई भी ऐसा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होगा, जिसके संबंध में निविदा पूर्ण कर ली गई हो एवं कार्यादेश जारी कर दिया गया है। परन्तु वास्तव में स्थल पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। स्वीकृत किये गये, निविदा पूर्ण किये गये अथवा कार्यादेश जारी किये गये ऐसे सभी कार्य को धरातल पर प्रारंभ नहीं हुए है वे निर्वाचन समाप्ति के पश्चात ही नियमानुसार प्रारंभ किये जा सकेंगे। यह प्रतिबंध निर्वाचन समाप्ति तक पूरे जिले में प्रभावशील रहेगा।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने ली क्राईम मीटिंग,इंटरस्टेट व नाकाबंदी प्वाईट पर 24 घंटे कड़े निगरानी रखने दिया निर्देश

## थाना-चौकी प्रभारियों को लंबित मामलों की लगातार समीक्षा करने का निर्देश,उत्कृष्ट कार्य पर थाना प्रभारी किए गए पुरस्कृत





-संवाददाता-
सूरजपुर,21 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने, निर्विग्न, निष्पक्ष व शांतीपूर्वक चुनाव कराने, थानों के कार्यो, लंबित अपराध व शिकायतों की समीक्षा करने बुधवार, 20 मार्च को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली।

इस दौरान उमनि/एसएसपी आहिरे ने लोक सभा चुनाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सम्पूर्ण जिले के नाकाबंदी प्वाईट तथा इंटर स्टेट बार्डर चेक प्वाईट पर 24 घंटे कड़े निगरानी रखकर पूर्ण सजगता के साथ आने-जाने वाले सभी वाहनों की बारीकी से चेकिंग की जाए, गिरफ्तारी व स्थाई वारंटी तामीली के लिए विशेष अभियान चलाए, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में बढ़ोत्तरी करते हुए अनिवार्य रूप से बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही कराए, एफएसटी टीम के बारे में पूरी जानकारी रखने एवं टीम से निरंतर सम्पर्क रहने के निर्देश दिए। सूचनाओं के आदान-प्रदान, अपराधियों की धरपकड़ व समन्वय के साथ कार्य करने अंतर्राज्जीय बार्डर मीटिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में थाना-चौकी में लंबित सभी अपराधों, लंबित चालानों व शिकायतों की विस्तृत जानकारी लेकर प्रभारियों को समय-सीमा में निराकरण करने, किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार पर सख्त कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव में बूथों में सुरक्षा, वहां मौजूद सुविधाएं, बाहर से आने वाले सुरक्षाबलों के ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था में लगे लाइसेंसी हथियारों को छोड़कर शेष सभी लायसेंसी हथियारों को थाना में जमा कराने, क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र को और मजबूत करने को लेकर निर्देश दिए। आगामी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए थाना स्तर पर की जाने वाली कार्यवाहियों, शांती समिति की बैठक लेने के निर्देश दिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके।



### लंबित मामलों की लगातार करें समीक्षा

बैठक में उमनि/एसएसपी श्री एम.आर.आहिरे ने थाना-चौकी प्रभारियों को कहा कि अपराध पंजीबद्ध होने अथवा शिकायत जांच हेतु प्राप्त होने पर उसके निराकरण की दिशा में तेजी से कार्य करें, प्रत्येक दिवस विवेचक व जांचकर्ता विवेचकों से लंबित मामलों की प्रगति ले और जरूरी निर्देश देकर समय-सीमा में निराकरण करावें, थाना में अपनी फरियाद लेकर आने वालों को गंभीरतापूर्वक सुने और त्वरित वैधानिक कार्यवाही करें।

### उत्कृष्ट कार्य पर थाना प्रभारी किए गए पुरस्कृत

लंबित शिकायतों की समीक्षा पर थाना विश्रामपुर में शिकायतों की संख्या निरंक होने पर उमनि/एसएसपी ने थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी,एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी,डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर,डीएसपी रितेश चौधरी, परिवीक्षाधीन डीएसपी स्निग्धा सलामे, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिले में मनाया गया वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे

## जिला व विकासखंड स्तर पर मुख स्वास्थ्य संबंधी वृहद जन जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन,जिले के 83 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क डेंचर का किया गया विवरण




-संवाददाता-
जशपुरनगर,21 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विपिन कुमार इंदवार के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री गणपत नायक के सहयोग से विगत् दिवस 20 मार्च 2024 को राष्ट्रीय मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस का जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजन किया गया। जिसमें मेगा डेंचर कैंप अंतर्गत जशपुर जिले के 83 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क 50 पूर्ण व 33 आंशिक डेंचर का विवरण जिला एवं विकासखंड स्तर पर किया गया।

कार्यक्रम अंतर्गत दंत रोगियों के लिए 20 मार्च का दिन खास रहा। जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 मार्च को वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया गया। जिसके तहत जिला व विकासखंड स्तर पर मुख स्वास्थ्य संबंधी वृहद जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन के साथ साथ दंत रोग विशेषज्ञ सह जिला नोडल अधिकारी डॉ.अभिषेक श्रीवास्तव एवं समस्त विकासखंड में सेवा दे रहे दंत चिकित्सकों के द्वारा अपने अपने विकासखंड में निःशुल्क दंत रोग जांच शिविर व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित जनसमुदाय एवं स्कूली बच्चों को दंत रोग के संबंध विस्तार से जानकारी देते हुए इसके रोकथाम एवं बचाव के संबंध में ज्ञानवर्धक जानकारी साझा किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला डॉक्टर चिकित्सालय के डॉ प्रिया प्रिंसेस, मनोर विकासखंड से डॉ कांति प्रधान, लोदाम से डॉ अशोक लकड़ा, दुलदुला से डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, कुनकुरी से डॉ निरंजन भगत, फरसाबहार से डॉ अमित जायसवाल, पत्थलगांव से डॉक्टर आशीष अग्रवाल बगीचा से डॉ संध्या कुजूर, कांसाबेल से डॉ गीतिका कुजूर एवं समस्त दंत सहायकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# जशपुर थाना में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

## आगामी त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने पर की गई चर्चा,एसडीओपी,तहसीलदार सहित टीआई हुए शामिल

-संवाददाता-
जशपुरनगर 21 मार्च 2024 (घटती-घटना)।
थाना जशपुर में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर आज शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया और आगामी त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग एडीओपी, तहसीलदार जशपुर, नायब तहसीलदार, टी.आई. जशपुर एवं शहर के सभी समुदाय के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक में सभी नागरिकों से कानून-व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील की गई। शहरवासियों से कहा कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान दें। प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जिले में भाईचारे और शांति का नया कीर्तिमान स्थापित करें। बैठक दौरान शहर की बुनियादी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

# पुलिस अधीक्षक ने होली त्योहार व आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दिया आवश्यक निर्देश





-संवाददाता-
कोरबा ,21 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस कार्यालय में सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली । यह बैठक आगामी लोक सभा चुनाव, होली त्यौहार और रमजान महीना को ध्यान में रखते हुए ली गई। इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक ने थानों में पेंडिंग अपराध, शिकायत, मर्ग और चालान और विवेचना का स्तर उन्नयन करने के निर्देश दिये साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार जैसे नशा, जुआ, सट्टा, कबाड़ और डीजे एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण कर कड़ाई से कार्यवाही करने के निर्देश दिये । आगामी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये थाना स्तर पर की जाने वाली कार्यवाहियों हेतु भी निर्देश दिये, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके। इस हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा शांति समिति की बैठक जिला स्तर पर तथा थाने स्तर पर आयोजित करने के लिये भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा मीटिंग में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव में बूथों में सुरक्षा का अपेक्षित स्तर, बाहर से आने वाले सुरक्षाबलों के ठहरने की व्यवस्था,लाइसेंसी हथियारों को थाने में जमा कराना की भी जानकारी ली गयी एवं लगातार पैदल पेट्रोलिंग, 185 एम.वी.एक्ट की कार्रवाई एवं स्थाई वारंट तामीली के संबंध में निर्देश दिए। श्री तिवारी ने अभियान स्तर पर बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने के बारे में भी बताया गया एवं मीटिंग में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अलर्ट मोड पर रहने के भी निर्देश दिये है। बैठक में पुलिस अधीक्षक,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित जिले के सभी राजपत्रित अधिकारीगण, थाना, चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, व विभिन्न शाखा प्रभारी उपस्थित रहे ।

# होली मनाने शांति समिति की बैठक संपन्न



-संवाददाता-
उदयपुर,21 मार्च 2024 (घटती-घटना)। होली का त्योहार और आदर्श आचार संहिता के पालन के उद्देश्य से गुरुवार को जनपद सभा कक्ष उदयपुर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया । इसमें ब्लॉक के कर्मचारी अधिकारी,सरपंचगण,व्यापारी बंधु, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण समेत अन्य ग्रामीण लगभग 80 से अधिक की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टर सरगुजा द्वारा जारी दिशा निर्देशों को अधिकारियों द्वारा उपस्थित सभी लोगों को बताया गया तथा लोगों के सुझाव लिए गए । लोगों से प्राप्त सुझावों पर आवश्यक पहल करने की बात उपस्थित एस डी एम और अन्य अधिकारियों द्वारा कही गई। सौहाद्र पूर्ण माहौल में होली त्यौहार मनाने उपस्थित सभी लोगों से गहन चर्चा किया गया। शांति समिति की बैठक में एसडीएम बी आर खांडे ने जानकारी देते हुए कहा त्यौहार की आड़ में लोग ईर्षया की भावना लेकर काम न करें। सभी धर्म के लोगों का सम्मान करें जबरन किसी पर रंग गुलाल ना डालें, किसी की बहन बेटी व महिलाओं के साथ जबरन रंग गुलाल न लगाएं क्षेत्र में प्रेम भाव व सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाएं।

तहसीलदार सुश्री चंद्रशिला जायसवाल ने कहा आदर्श आचार संहिता लगी हुई है परीक्षा का समय चल रहा है छात्र छात्राओं के परीक्षाओं की ध्यान में रखते हुए होली के समय प्रतिबंधित डीजे साउंड लगाकर बजाने वाले के खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा। त्योहारों का राजनीतिक लाभ न उठाए इसका ध्यान रखना होगा आम सभा और चुनाव प्रचार प्रसार से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक है। अपने क्षेत्र में तथा आसपास किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक घटना न हो इसके लिए ऐसी स्थिति निर्मित होने से पूर्व अच्छे नागरिक का फर्ज निभाते हुए इसकी सूचना तत्काल प्रशासनिक टीम को दें ताकि समय रहते इस पर रोक लगाई जा सके। बीएमओ डॉक्टर ए आर जयंत ने कहा होली के समय स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए चेहरा कान नाक आंख में रंग लगने पर तत्काल पानी से धोने किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर तत्काल डॉक्टर की सलाह लेने की बात कही है साथ ही आंखों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है क्योंकि अधिक समय तक आंखों में रंग लगे होने पर आंख खराब होने की भी संभावना रहती है।

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क्र0.....ब-121/2023-24
ग्राम-करजी, तहसील राजपुर

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जुल्यूश मिंज आ0 स्व0 धनसाय मिंज जाति उरांव निवासी ग्राम करजी जिला-बलरामपुर-रा0गंज द्वारा स्वयं के पिता स्व0 धनसाय मिंज की मृत्यु स्थान ग्राम करजी में दिनांक 15/05/2016 में हो गई है। किन्तु जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 27/03/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
राजपुर, बलरामपुर-रा0गं.

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

लखनपुर,दिनांक- 19/03/2024

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम केंवरा
तहसील-लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका कृष्णा दास आ0 चोनहर दास निवासी ग्राम केंवरा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (फुआ) स्व0 कोन्दी की मृत्यु दिनांक 06/10/2002 को हो जाने (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण-अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ0ग0 जन्म-मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 18/04/2024 को सुनवाइ की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 18/04/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील

नायब तहसीलदार
लखनपुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

लखनपुर,दिनांक- 19/03/2024

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम केंवरा
तहसील-लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रेशम बाई पति समुन्दर दास निवासी ग्राम केंवरा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (पुत्र) स्व0 अखिलेश दास की मृत्यु दिनांक 24/12/2002 को हो जाने (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण-अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ0ग0 जन्म-मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 18/04/2024 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 18/04/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील

नायब तहसीलदार
लखनपुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

लखनपुर,दिनांक- 19/03/2024

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम केंवरा
तहसील-लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जवाहिर राम आ0 सुमित राम निवासी ग्राम केंवरा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (माता) स्व0 सुखमेन की मृत्यु दिनांक 09/10/2014 को हो जाने (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण-अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ0ग0 जन्म-मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 18/04/2024 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 18/04/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सील

नायब तहसीलदार
लखनपुर,सरगुजा

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला-जशपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/33/वाचक-अपर कले0/ जशपुर
दिनांक 20/20/02/2024

सर्व साधारण को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप कुमार भगत आ0चिरू राम, उम्र-28 वर्ष, जाति-उरांव, निवासी ग्राम-कुड़केल खरी, तहसील-पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ0ग0) प्रथम पक्ष एवं क़0 सुषमा आ0 दिलीप, उम्र-25 वर्ष, जाति-उरांव, निवासी ग्राम-शिवनाथपुर, तहसील-सीतापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा-05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उनके बीच विवाह अनुष्ठापित कर प्रमाण-पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

02/ इस विवाह अनुष्ठापित के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो वे दिनांक 28/03/2024 को स्वतः या अधिवक्ता के मार्फत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी,
जिला-जशपुर (छ0ग0)

# ऋतुराज गायकवाड़ बने सीएसके के कप्तान




» एमएस धोनी ने कमान छोड़ी

» आरसीबी से पहला मैच खेलेगी टीम

**चेन्नई,21 मार्च 2024 ।** चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (2024) की शुरुआत से एक दिन पहले कप्तान बदलने की घोषणा की है। टीम को 5 बार चैंपियन बना चुके महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। उनकी जगह 27 साल के युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड टीम की कमान संभालेंगे। वे फ्रेंचाइजी के चौथे कप्तान बने हैं। इससे पहले, एमएस धोनी, सुरेश रैना और रवींद्र जडेजा टीम की कमान संभाल चुके हैं। सीएसके ने बयान जारी कर कहा- एमएस धोनी ने आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंप दी है। गायकवाड 2019 से चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं और उन्होंने इस दौरान आईपीएल में 52 मैच खेले हैं। टीम आगामी सीजन का इंतजार कर रही है। इस सीजन का ओपनिंग मैच चेन्नई और बेंगलुरु के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुक्रवार को खेला जाएगा।

### गायकवाड़ को क्यों बनाया गया कप्तान?

गायकवाड को क्रिकेटिंग सर्किल में काफी पहले से लीडरशिप ऑप्शन के तौर पर देखा जा रहा था। जब उन्होंने चेन्नई के लिए पहला सीजन खेला था तब से ही कुछ एक्सपर्ट उन्हें भविष्य का कप्तान बता रहे थे। वे धोनी की पसंद भी बताए जा रहे हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी में वे काफी कंसिसटेंट रहते हैं। 2022 सीजन को छोड़कर हर साल उन्होंने सीएसके के लिए 40 से ऊपर की औसत से रन बनाए हैं। वे घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र की कप्तानी भी करते रहे हैं।

### भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं गायकवाड़,एशियाड का गोल्ड दिलाया

युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम को लीड कर चुके हैं। वे 2022 में चीन में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष टीम के कप्तान बनाए गए थे। उन गेम्स में गायकवाड ने भारत को गोल्ड मेडल दिलाया था।

### 2019 सीजन से सीएसके के लिए खेल रहे गायकवाड़

महाराष्ट्र की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले गायकवाड 2020 सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स टीम का हिस्सा हैं। अब तक चार सीजन में उन्होंने 52 मैच खेले हैं और 39.07 की औसत और 135.52 के स्ट्राइक रेट से 1797 रन बना चुके हैं।

## ताबड़तोड़ क्रिकेट के सबसे बड़े जलसे में भारत के सितारों पर रहेंगी नजरें

महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिये काफी होंगी।

धोनी 42 बरस की उम्र में भी आईपीएल के सदाबहार कप्तान हैं और उनसे जब पूछा जायेगा कि क्या यह उनका आखिरी टूर्नामेंट है तो शायद एक बार फिर वह मुस्कुराकर रह जायेंगे। उनके वारिस माने जाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत भयावह कार दुर्घटना में जीवनदान पाकर मैदान पर लौट रहे हैं और दुनिया को दिखाना चाहेंगे कि उनकी बाजुओं में अभी भी वही दम है। अपने बिंदास मुंबइया अंदाज के पीछे दर्द छिपाने वाले रोहित वानखेड़े स्टेडियम पर उतरेंगे लेकिन इस बार कप्तान नहीं होंगे। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे।

'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी जिसके लिये वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिये शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें।

पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे , कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा।

एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को धोनी की कप्तानी में अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज गायकवाड़, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी है। वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिये मजबूर किया।

हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। आरसीबी के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनायें लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है।

कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिये दिनेश कार्तिक, फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है।

केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिये पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है।

गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी 5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 ।** भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा पहली बार जारी हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। भारतीय पुरूष टीम ओमान और मलेशिया के साथ दूसरे स्थान पर है। तीनों टीमों के 1400 अंक है। भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप जीती और मस्कट में जनवरी में हुए विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहा था।वहीं ओमान ने कांस्य पदक जीता था। नीदरलैंड 1750 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने पहला हॉकी5 विश्व कप और यूरोपीय चैम्पियनशिप जीती थी। पोलैंड और मिस्र संयुक्त पांचवें स्थान पर है। त्रिनिदाद और टोबैगो और कीनिया संयुक्त सातवें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान नौवे स्थान पर है।



### बलात्कार के आरोप में रोबिन्हो को काटनी होगी 9 साल की सजा

**रियाल मैड्रिड ,21 मार्च 2024 ।** पूर्व रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी स्टार रोबिन्हो को ब्राजील में बलात्कार के लिए 9 साल की जेल की सजा काटनी होगी।रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर रोबिन्हो को इटली में गैंगरैप के आरोप में 9 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह घटना जनवरी 2013 की है।

### सईद अहमद ने 86 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

**करांची,21 मार्च 2024 ।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का लाहौर में 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाये थे। उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिये थे। 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू करने वाले सईद ने अपना आखिरी मैच 1972-73 के दौरे पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में खेला था।

## डोमेस्टिक क्रिकेट में कुछ सुधार चाहते हैं सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 ।** बीसीसीआई ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेटर्स के लिए टेस्ट क्रिकेट इंसेंटिव स्कीम लॉन्च की है। इस घोषणा के बाद भारत के पूर्व कप्तान लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर चाहते हैं। घरेलू खिलाड़ियों के पैकेज में भी आईपीएल की तर्ज पर बढ़ोतरी हो। साथ ही बीसीसीआई की तरह राज्यों के क्रिकेट बोर्ड भी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दें। इससे फिट होने पर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।



दरअसल, क्या घरेलू क्रिकेट में कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम होना चाहिए? इस सवाल का जवाब देते हुए गावस्कर ने द इंडियन एक्सप्रेस से कहा कि, हां। अगर राज्य संघ के पास कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम होगा तो न केवल खिलाड़ी खेलने के लिए बाध्य होगा, बल्कि अनुबंध का उल्लंघन करने वाले खिलाड़ी को आईपीएल में खेलने के लिए जरूरी नो ऑब्जेक्श सर्टिफिकेट भी संघ रोक सकता है। रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए वेतन को भी एक स्लैब सिस्टम के साथ बढ़ाया जाना चाहिए। 10-10 मैच के आधार पर खिलाड़ियों का स्लैब तैयार किया जाना चाहिए। इस तरह रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए भी प्रोत्साहित मिलेगा।

गावस्कर का माना है कि वेतन बढ़ाने और कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम के अलावा, क्रिकेटर्स को घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शेड्यूल में बदलाव की आवाश्यता है। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होने के बावजूद रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलने के बाद उन्हें बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया। इसके बाद टेस्ट इंसेंटिव स्कीम लॉन्च की गई।

गावस्कर का माना है कि खिलाड़ियों के लिए मिनिमल फाइनेंसियल रिटर्न की गारंटी के लिए डोमेस्टिक कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम लागू की जानी चाहिए। ये उस बढ़े हुए रेमुनरेशन पैकेज के अतिरिक्त होगा, जिस पर बोर्ड काम कर रहा है। भारत के पूर्व कप्तान इस बात से आश्चर्यचकित नहीं हैं कि कुछ खिलाड़ी रमजी ट्रॉफी से मुंह मोड़ रहे हैं।

## आईपीएल टीम से जुड़े केएल राहुल

**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 ।** आईपीएल शुक्रवार से शुरू हो रहा है। सभी टीमें मुकाबले के लिए तैयार हैं। इस बीच चोट के बाद कमबैक कर रहे केएल राहुल टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ जुडने् के लिए लखनऊ पहुंच चुके हैं। कप्तान ने नए मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के तहत सीजन के लिए अपना उत्साह शेयर किया।राहुल पिछले साल चोट के कारण आईपील से लगभग बाहर रहे। बुधवार को फ्लाइट लेट होने के कारण अभ्यास मैच के बाद टीम से जुड़े। उन्होंने सोशल मीडिया पर लखनऊ से लैंगर के साथ एक फोटो शेयर की, जिसमें कप्तान ने लिखा, नए युग की शुभ सुबह!लैंगर पहले ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं। उन्हें इस सीजन में लखनऊ टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। उन्होंने टीम में एंडी फ्लावर की जगह ली, जिनका फ्रेंचाइजी के साथ दो साल का अनुबंध आईपीएल 2023 सीजन के बाद समाप्त हो गया था।2022 में आईपीएल में डेब्यू करने के बाद, फ्लावर के मार्गदर्शन में दो बार अंक तालिका में लखनऊ तीसरे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन वे 2022 और 2023 में एलिमिनेटर से आगे बढने् में विफल रहे। हालांकि, इसके बाद एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने अच्छा कमबैक किया था।




## पदार्पण करने वाले युवा खिलाड़ियों के साथ खेलकर बहुत मजा आया

**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने इन युवा क्रिकेटरों के साथ खेलने का भरपूर आनंद लिया। विराट कोहली सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में पांच युवा खिलाड़ियों रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। रोहित ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा,''व्यक्तिगत रूप से मुझे इनके साथ काम करके बहुत मजा आया। जितने भी युवा लड़के थे, सब काफी चुलबुले थे।'' उन्होंने कहा, ''इनमें से अधिकतर को मैं अच्छी तरह से जानता था तथा मुझे उनके मजबूत पक्षों के बारे में पता था। मैं जानता था कि वह किस तरह से खेलना चाहते हैं। मेरा काम केवल उन्हें सहज बनाए रखना था। जिस तरह से उन्होंने मेरी और राहुल भाई (मुख्य कोच राहुल द्रविड़) की उम्मीदों को पूरा किया, वह शानदार था।




## द हंड्रेड: हरमनप्रीत कौर और डेविड वार्नर को नहीं मिला करार,ड्रॉफ्ट में इन्हें हुआ फायदा

**नई दिल्ली,21 मार्च 2024 ।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के डेविड पर द हंड्रेड के आगामी सीजन के लिए किसी टीम ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है। लंदन में हुए ड्रॉफ्ट में उन पर किसी टीम ने दांव नहीं लगाया।उनके अलावा पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बाबर आजम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के जेसन रॉय पर भी किसी टीम ने भरोसा नहीं जताया।महिलाओं में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी करार नहीं मिल सका।

पिछले सीजन में रॉय ने ओवल की ओर से सभी 9 मैच खेले थे, जिसमें 17.11 की औसत और 128.33 की स्ट्राइक रेट से 154 रन बनाए थे।इस बीच वह 3 पारियों में अपना खाता भी नहीं खोल सके थे। ऐसे में खराब प्रदर्शन के चलते ओवल ने उन्हें रिलीज कर दिया था।इंग्लैंड के प्रमुख खिलाडियों में रॉय के अलावा तेज गेंदबाज मार्क वुड को भी किसी टीम ने नहीं चुना है। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख खिलाडियों में वार्नर और टिम डेविड पर किसी टीम ने अपना दांव नहीं लगाया।हाल ही सम्पन्न हुई पाकिस्तान सुपर लीग में खूब रन बनाने वाले बाबर पर भी किसी टीम ने दिलचस्पी नहीं दिखाई।पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह पर बर्मिंघम फीनिक्स ने अपना दांव लगाया है।नसीम के अलावा शाहीन अफरीदी (वेल्श फायर) और इमाद वसीम (ट्रेंट रॉकेट्स) को भी द हंड्रेड 2024 का करार मिला है।




निकोलस पूरन द हंड्रेड 2024 ड्राफ्ट में करार पाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्हें नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स ने 125,000 पाउंड (1.33 करोड़ रुपये लगभग) की उच्चतम कीमत पर अपने साथ जोड़ा।कैरेबियाई खिलाड़ियों में आंद्रे रसेल और शिमरॉन हेटमायर को लंदन स्पिरिट ने चुना।इनके अलावा रोवमैन पॉवेल और कीरोन पोलार्ड वेस्टइंडीज के अन्य 2 खिलाड़ी थे, जिन्हें क्रमशः ट्रेंट रॉकेट्स और सदर्न ब्रेव के साथ शीर्ष ब्रैकेट में चुना गया था।भारत की स्मृति मंधाना को सदर्न ब्रेव और रिचा घोष को बर्मिंघम फीनिक्स ने अपने साथ जोड़ा, जबकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत, ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और शीर्षक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिगेज पर किसी टीम ने दांव नहीं लगाया।श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू को ओवल इनविंसिबल्स द्वारा चुना गया।ड्रॉफ्ट में मेग लैनिंग, बेथ मूनी, एशले गार्डनर, लॉरेन चीटल, जेस जोनासेन, सोफी मोलिनेक्स जैसे खिलाड़ियों को चुने जाने के साथ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सबसे अधिक मांग रही।

## मनोज बाजपेयी बोले-अब निवेदन नहीं,नरसंहार होगा

बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भईया जी का टीजर रिलीज हो गया है. फिल्म में मनोज बाजपेयी का लुक और रोल दोनों ही आपको फिल्म देखने पर मजबूर कर देगा. फिल्म भईया जी का टीजर देखकर आपको ऐसा लगेगा कि ये किसी बदले की कहानी है और मनोज बाजपेयी का एक दमदार किरदार है. फिल्म का टीजर एक्टर ने भी शेयर किया है.मनोज बाजपेयी की फिल्म एक बंदा काफी है के मेकर्स ने फिल्म भईया जी बनाई है. एक बंदा काफी है ने ओटीटी पर धमाल मचा दिया था लेकिन फिल्म भईया जी सिनेमाघरों में 24 मई को रिलीज होगी.फिल्म के टीजर में मनोज बाजपेयी के किरदार भैया जी के आतंक को दिखाया गया है. इस आतंक को कुछ ऐसा दिखाया गया कि लोग उनसे भागते नजर आए. इस टीजर का टैगलाइन अब निवेदन नहीं, नरसंहार होगा है. इसी के साथ भैया जी का टीजर रिलीज किया गया है.अपने किरदार के बारे में मनोज बाजपेयी ने कुछ खास बातें शेयर की है. उन्होंने कहा, भैया जी को एक ऐसा किरदार निभाना था जिसे दर्शक आसानी से नहीं भूल सकते, खासकर तब जब भैया जी इंडस्ट्री में मेरी 100वीं फिल्म है और मुझे खुशी है कि मुझे अपनी बंदा टीम के साथ ऐसा करने का मौका मिला. हमने किरदार और फिल्म बनाने के हर पल का आनंद लिया है. हमें यकीन है कि दर्शक फिल्म के हर सेकंड का आनंद लेंगे जो जल्द ही सामने आने वाला है. जानकारी के लिए बता दें, भैया जी को भानुशाली स्टूडियो लिमिटेड, एसएसओ प्रोडक्शंस और ऑरिगा स्टूडियो प्रोडक्शन बैनर तले बनाया गया है. वहीं इसे विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, समीक्षा ओसवाल, शैल ओसवाल, शबाना रजा बाजपेयी और विक्रम खाखर प्रोड्यूस किया है. फिल्म का निर्देशन अपूर्व कार्की ने किया है.




## रीम शेख को डर है कि कोई उनकी कॉफी के साथ छेड़छाड़ न कर दे

स्ट्रीमिंग शो रायसिंघानी वर्सेज रायसिंघानी में अंकिता रस्तोगी की भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस रीम शेख ने अपने बारे में एक खास बात शेयर की।एक्ट्रेस शो में एक तेज-तर्रार वकील का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि वह उन लोगों की कॉफी के साथ छेड़छाड़ करती हैं, जिन्हें वह पसंद नहीं करती। एक्ट्रेस एक कॉफी लवर हैं, उन्हें इस बात का डर है कि कहीं लोग उनकी कॉफी के साथ भी छेड़छाड़ न कर दें।रीम के मुताबिक, अंकिता का किरदार निभाना मजेदार है, वह स्मार्ट, मजबूत और स्वतंत्र है, जिसे जेनजेड पसंद करेगा। उसकी एक आदत है, जिस पर मुझे गुस्सा आता है, जो अपनी बात रखने का एक रचनात्मक तरीका है। वह कहती है कि कॉफी लवर होने के नाते मुझे इस बात से डर लगता है कि जैसे मैं लोगों की कॉफी से छेड़छाड़ करती हूं, कहीं मेरी कॉफी के साथ भी ऐसा न हो जाए।उन्होंने आगे कहा, कहानी में एक मजेदार मोड़ आता है, जब मैं और मेरे दोस्त कॉफी से छेड़छाड़ के तरीके को एक मजाक में बदल देते हैं। यह सब बहुत मजेदार होता है और हम इस पर हंसे बिना नहीं रह सकते। हालांकि, मुझे लगता है कि मेरे दोस्त भी थोड़े डरे हुए हैं, वे अंकिता की रणनीति से अवगत हैं और वे जानते हैं कि मैं चुनौती से पीछे हटने वालों में से नहीं हूं।रायसिंघानी वर्सेज रायसिंघानी सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रहा है।






## प्राइम वीडियो पर 29 मार्च को होगा हॉरर क्राइम ड्रामा सीरीज़ इंस्पेक्टर ऋषि का ग्लोबल प्रीमियर, उठेगा कई रहस्यों से पर्दा

आगामी तमिल स्ट्रीमिंग सीरीज इंस्पेक्टर ऋषि में इंस्पेक्टर ऋषि नंदन हत्याओं की गुत्थी सुलझाते हुए कई रहस्यों से पर्दा उठाते दिखेंगे। नवीन चंद्रा, कन्ना रवि अभिनीत तमिल सीरीज इंस्पेक्टर ऋषि में ऋषि कई अजीबोगरीब हत्याओं की जांच में चुनौतियों का सामना करेंगे। हॉरर-क्राइम-ड्रामा नंदिनी जेएस द्वारा बनाया गया है, और इसमें वीरा सिम्हा रेड्डी के लिए मशहूर नवीन चंद्र शामिल हैं। इसमें मालिनी जीवनरत्नम, श्रीकृष्ण दयाल और कुमारवेल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सीरीज के बारे में बात करते हुए नंदिनी जेएस ने कहा, एक निर्माता के रूप में इंस्पेक्टर ऋषि' पर काम करना एक बेहद संतुष्टिदायक अनुभव रहा है और मैं इस सहयोग के लिए आभारी हूं। पुलिस प्रक्रिया को डरावनी और रहस्यमयी चीजों के साथ जोडने् से मुझे कहानी कहने के नए आयामों का पता लगाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा, नवीन चंद्रा, कन्ना रवि, मालिनी जीवनरत्नम, श्रीकृष्ण दयाल, कुमारवेल सहित अन्य कलाकारों के शानदार प्रदर्शन ने इसे पर्दे पर बखूबी उतारा है। 10 एपिसोड वाली यह सीरीज 29 मार्च को प्राइम वीडियो पर प्रसारित होगी।

# विनोद वर्मा मामले में भूपेश बघेल ने कहा- ये भाजपा के स्लीपर सेल का दुष्प्रचार



**रायपुर,21 मार्च 2024(ए)।** दो दिन पूर्व ही प्रदेश कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने आरोप लगाया था कि प्रदेश कांग्रेस के खजाने से विनोद वर्मा के पुत्र की कंपनी को करीब 6 करोड़ रुपए का भुगतान बिना किसी औपचारिकता के किया गया। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सफाई देते हुए विनोद वर्मा का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में किसी तरह का कोई गबन या घोटाला नहीं हुआ है, जो भी भुगतान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से किया गया वह एक वैधानिक अनुबंध के तहत किया गया। प्रदेश कांग्रेस के एक पूर्व पदाधिकारी ने जो भी शिकायत की है वह दरअसल भाजपा स्लीपर सेल का दुष्प्रचार है।

### मामले का मीडिया में प्रचार अनुशासन के खिलाफ'

मीडिया से चर्चा में भूपेश बघेल ने कहा कि पार्टी की अंदरूनी और वैधानिक अनुबंध पर इस तरह की शिकायत करना और फिर उसे मीडिया में प्रचारित प्रसारित करना पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है और यह निश्चित तौर पर पार्टी के भीतर रहकर भाजपा के स्लीपर सेल के लिए काम कर रहे लोगों को काम है। इसीलिए भाजपा कांग्रेस पार्टी के इस अंदरूनी मामले को इतना तूल भी दे रही है। उन्होंने बताया कि मैंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट और अध्यक्ष दीपक बैज से इस संबंध में बात की है और उनसे अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### 'सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए हुआ था अनुबंध'

उन्होंने कहा है कि कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने इस अनुबंध से पहले मुझसे विस्तृत चर्चा की थी और मेरी जानकारी के अनुसार इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष से बाक़ायदा स्वीकृति भी ली गई थी। बघेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री के रूप में मेरे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए यह अनुबंध हुआ था।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर राजनीतिक दल अपने प्रचार प्रसार के लिए किसी न किसी प्रोफ़ेशनल कंपनी के ज़रिए काम करती है। इसमें कुछ भी नया नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने भी सोशल मीडिया प्रबंधन और अन्य कार्यों के लिए टेसू मीडिया लैब से अनुबंध किया तो यह पार्टी का अंदरूनी मामला है।

भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के हस्ताक्षर से ही हर महीने भुगतान होता रहा इसलिए यह कहना बेबुनियाद है कि उनको अंधेरे में रखकर कुछ किया गया। जो भी भुगतान हुआ है वह वैधानिक है और इसके लिए टीडीएस काटने और जीएसटी भुगतान जैसी सारी वैधानिक औपचारिकताएं भी पूरी की गई हैं। इस पूरे लेनदेन में किसी तरह की गड़बड़ी होने के कोई आसार ही नहीं हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### महाविद्यालयीन प्राध्यापकों के तबादले, रिलीव करने को लेकर जारी किया ये निर्देश



**रायपुर,21 मार्च 2024(ए)।** उच्च शिक्षा विभाग ने विवि और महाविद्यालयों के दो दर्जन सहायक प्राध्यापकों के तबादले किए गए हैं । यह आदेश आचार संहिता लगने से पहले जारी किया गया है। जिसमे यह भी कहा गया है कि वर्तमान सत्र की परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी को कार्यमुक्त किया जाए।

### नामांकन का दौर शुरू, 27 मार्च 2024 को अंतिम तिथि




**रायपुर,21 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा आम निर्वाचन के तहत छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी हो गई है। प्रदेश में प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से वहां नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुरू गई है। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवार 27 मार्च तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च को की जाएगी। उम्मीदवार 30 मार्च तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

# बिलासपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अरविंद चंदेल का पटना हाईकोर्ट तबादला

### 5 दिन पहले मद्रास हाईकोर्ट में हुआ था ट्रांसफर

**रायपुर,21 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस अरविंद चंदेल का तबादला मद्रास हाईकोर्ट की जगह अब पटना हाईकोर्ट करने का प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उन्हें मनचाहा ट्रांसफर देने के आग्रह को ठुकरा कर पटना हाईकोर्ट भेजने का प्रस्ताव दिया है। 15 मार्च को उन्हें बिलासपुर हाईकोर्ट से मद्रास हाईकोर्ट ट्रांसफर का ऑर्डर दिया गया था। लेकिन, उन्होंने मध्यप्रदेश, राजस्थान, इलाहाबाद, पंजाब-हरियाणा और दिल्ली हाईकोर्ट में करने का आग्रह किया था। इसे कॉलेजियम ने ठुकरा दिया।



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में गठित 5 वरिष्ठ जजों की कॉलेजियम ने जस्टिस अरविंद चंदेल का तबादला करने के लिए उनसे सहमति मांगी थी। इसके बाद चीफ जस्टिस डीवाई चन्द्रचूर्ण, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस अनिरुद्ध बोस ने पहले मद्रास हाईकोर्ट तबादला करने का प्रस्ताव किया था। इस पर जस्टिस चंदेल ने उन्हें 5 हाईकोर्ट में से किसी एक हाईकोर्ट में भेजने का आग्रह किया था। उनके आग्रह के बाद कॉलेजियम ने विकल्पों पर ट्रांसफर करने के बजाय उनकी परेशानियों को देखते हुए थोड़ी राहत दी और मद्रास हाईकोर्ट की जगह पटना हाईकोर्ट ट्रांसफर करने का फैसला लिया है।

जस्टिस चंदेल बिलासपुर में पैदा हुए थे। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से बीए करने के बाद गुरु घासीदास विवि से एलएलबी की डिग्री ली है। अविभाजित मध्य प्रदेश में इन्होंने सिविल जज क्लास के रूप में 1987 को न्यायिक सेवा की शुरुआत की, जिसके बाद उनका प्रमोशन हुआ और वे कबीरधाम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश बने। इसके बाद राज्य परिवहन ट्रिब्यूनल के साथ ही हाईकोर्ट में एडिशनल रजिस्ट्रार प्रशासनिक, रजिस्ट्रार विजिलेंस, रजिस्ट्रार जनरल जैसे पदों पर रहे। 27 जून 2017 को उन्हें हाईकोर्ट में अस्थायी जज बनाया गया। फिर दो साल बाद 2019 में हाईकोर्ट के स्थायी जज बने। 5 साल बाद उनका ट्रांसफर हो रहा है।

# नक्सलियों ने सरकार के वार्ता के प्रस्ताव पर जारी किया एक और पत्र




**रायपुर,21 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पिछले दिनों नक्सलियों से वार्ता की बात कही थी। सरकार से वार्ता को लेकर एक बार फिर से नक्सलियों ने बयान जारी किया है। नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने जो पत्र भेजा है, उसमें उल्लेखित शर्तें लगभग पुरानी ही हैं।नक्सलियों की दण्डकारण्य स्पेशल ज़ोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने कहा है कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा लगातार बयान जारी कर वार्ता के लिए तैयार होने की बात कर रहे हैं। लेकिन वार्ता पर हमारे बयान का सीधा जवाब नहीं दे रहे।

### नक्सलियों ने शर्तें भी रखीं

बातचीत के लिए तैयार हुए नक्सलियों ने सरकार के सामने कई शर्तें भी रखी हैं। नक्सली प्रवक्ता द्वारा जारी प्रेस बयान में कहा कि, बस्तर में अनुकूल वातावरण के बिना कोई वार्ता संभव नहीं हो सकती है। नक्सलियों ने कहा है कि हमने सरकार से सिर्फ यह सुनिश्चित करने को कहा है कि मुठभेड़ों और क्रॉस फायरिंग के नाम पर आदिवासियों की जघन्य बंद की जाए। इसके अलावा तमाम सशस्त्र बलों को 6 माह के लिए बैरकों तक सीमित किया जाए. इसके अलावा सुरक्षा बल नए कैंप स्थापित करना बंद करें। बता दें कि इससे पहले की भी सरकारों ने नक्सलियों से बातचीत की पेशकश की थी. लेकिन नक्सलियों की शर्तों के सामने यह सम्भव नहीं हो सका। अब नई सरकार बनने के बाद नक्सलियों ने एक बार फिर से बातचीत का प्रस्ताव रख दिया है। दरअसल छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। हाल ही में कई बड़े नक्सली लीडर्स को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। गिरफ्तारी और सरेंडर का भी सिलसिला चल रहा है।

# जमीन घोटाला मामला:बढ़ने वाली हैं पूर्व मंत्री अमरजीत भगत की मुश्किलें



**रायपुर,21 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के बीच भ्रष्टाचार के मामले में चौतरफा घिरी छत्तीसगढ़ कांग्रेस बैकफुट पर है। पिछले विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस की मुश्किलें अब और भी बढ़ गई हैं। दरअसल, महादेव आनलाइन सट्टा ऐप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ एफआइआर होने बाद प्रदेश में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। अब उनकी सरकार में खाद्य मंत्री रहे अमरजीत भगत भी एक बड़े घोटाले में फंस गए हैं। सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में पूर्व मंत्री की समस्या बढ़ने वाली हैं।

जानकारी के मुताबिक़ यह जमीन से जुड़ा घोटाला हैं जी आयकर विभाग की जांच में सामने आया हैं। बताया जा रहा हैं कि अंबिकापुर में बांग्लादेशी शरणार्थियों को जमीन देने के नाम पर यह पूरा जमीन घोटाला किया गया हैं। वही इस नए स्कैम के खुलासे के बाद आयकर विभाग ने कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव और डीजीपी को भी खत लिखा हैं। सम्भावना जताई जा रही हैं कि सरकार इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की अनुमति दे सकती हैं।

# प्रवीण सोमानी अपहरणकांड के सभी 6 आरोपी को मिली जमानत



**रायपुर,21 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित प्रवीण सोमानी अपहरणकांड के सभी 6 आरोपी को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। उद्योगपति प्रवीण सोमानी अपहरणकांड के 6 आरोपी प्रदीप, शिशिर,मुन्ना,तूफान, डॉ. आफताब आलम समेत अनिल चौधरी को जमानत मिल गई है।बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की डिविजनल बैंच ने दोषियों को जमानत दे दी है। बता दें कि 8 जनवरी 2020 को रायपुर के धरसीवां से कारोबारी प्रवीण सोमानी का अपहरण हुआ था। रायपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने बिहार, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश समेत अन्य राज्यों से आरोपियों को गिरफ्तार किया था। 8 जनवरी 2020 को उद्योगपति प्रवीण सोमानी का सिलतरा स्थित उनकी फैक्ट्री से घर जाने के दौरान अपराधियों ने अपहरण कर लिया था। उद्योगपति के अपहरण से पूरे प्रदेश में हलचल मच गई थी। पुलिस ने मामले में दो हफ्ते की कड़ी मशक्कत के बाद प्रवीण सोमानी को लखनऊ के पास से सकुशल बरामद किया था।

# अचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

### उपभोक्ता भंडारों में नरेन्द्र मोदी की फोटो वाले झोले में राशन वितरित करने का कांग्रेस ने लगाया आरोप



**रायपुर,21 मार्च 2024(ए)।** रेल्वे स्टेशनों, पेट्रोल पंपों में नरेन्द्र मोदी के फोटो वाले विज्ञापनों और राशन दुकानों में मोदी की फोटो वाले झोले में राशन वितरित करने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की है।

राजधानी रायपुर में आज शाम कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत में उल्लेख है कि राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत ग्राम-भर्रेगांव, केन्द्र क्रमांक-75, के राशन दुकानदार के द्वारा मोदी सरकार की गारंटी सभी को अनाज, पोषित समाज से चिन्हांकित और मोदी जी के फोटोयुक्त कैरी बैग, थैला में वर्तमान समय में लोगों को राशनदिया जा रहा है। इस संबंध में वीडियो भी कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त को सौंपा है। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के क्षेत्राधिकार से संबंधित राशन दुकानों में पीएम मोदी के फोटोयुक्त कैरीबैग, थैला में राशन सामग्री दिया जाना, जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लघंन है। इसके साथ ही पेट्रोल पंपों एवं रेल्वे स्टेशनों में प्रधानमंत्री मोदी की फोटो वाले विज्ञापन लगे है। इसको तत्काल हटाया जाये और इस मामले में दोषी लोगो पर तत्काल कार्यवाही किया जाये।

ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व मंत्री कवासी लखमा, प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, अजय साहू, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, रिषभ चंद्राकर, सोमेन चटर्जी, पूजा देवांगन, रजत जसूजा, दिनेश निर्मलकर शामिल थे।

# सारंगढ़ जेल की जांच में कैदियों से मारपीट की पुष्टि

### हाईकोर्ट ने कठोर कार्रवाई का दिया निर्देश

**बिलासपुर,21 मार्च 2024(ए)।** जेल महानिदेशक ने सारंगढ़ के उप जेल में बंदियों के साथ हुई मारपीट के मामले में हाईकोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट के आधार पर स्थिति को गंभीर बताते हुए हाईकोर्ट ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा प्रदेश की सभी जेलों में मैनुअल का पालन करने का निर्देश दिया है। इस मामले पर सुनवाई आगे जारी रहेगी।

### हाई कोर्ट ने दर्ज की है जनहित याचिका

पिछले महीने ही सारंगढ़ उप जेल के जेलर और प्रहरियों की मारपीट से कई बंदियों के घायल होने और उनमें से कुछ को अस्पताल में दाखिल होने की खबर को संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जनहित याचिका दर्ज की थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के निर्देश पर जेल महानिदेशक की ओर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

### जांच में मारपीट की बताई गई ये वजह

सेंट्रल जेल बिलासपुर के अधीक्षक को घटना की जांच की जिम्मेदारी दी गई थी। उप जेल में बंदियों और स्टाफ से बयान दर्ज करने के बाद उन्होंने रिपोर्ट तैयार कर जेल महानिदेशक को सौंपी। इसमें बताया गया कि जेल प्रबंधन को पता चला था कि बैरक क्रमांक चार में बंदियों ने कुछ प्रतिबंधित सामान रखे हैं। जांच में विचाराधीन कैदी रोहित पटेल के पास मोबाइल फोन मिला। कैदियों ने बताया कि उक्त मोबाइल उन्हें टिकेश्वर साहू प्रहरी ने उपलब्ध कराया। पूछताछ के दौरान कुछ कैदी जेल स्टाफ को धमकी देने लगे। तब स्टाफ ने कैदियों के साथ मारपीट की। कैदी दिनेश चौहान की हालत गंभीर थी, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया गया।




### कैदियों से पैसे के लिए मारपीट की थी शिकायत

इस संबंध में सारंगढ़ जिला मजिस्ट्रेट को भी शिकायत मिली थी। इसके बाद सहायक जेलर संदीप कश्यप राजकुमार कुर्रे, मनेंद्र वर्मा और महेश्वर हिमाची के विरुद्ध आइपीसी की धारा 294, 323, 327, 34, 384 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनकी गिरफ्तारी की गई। अन्य स्टाफ जो कैदियों से पैसे लेते थे, उनको भी निलंबित कर विभागीय जांच शुरू की गई है।

### कोर्ट ने दिखाई गंभीरता

सुनवाई दे दौरान कोर्ट ने कहा कि इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि जेल में व्यवस्था ठीक नहीं थी और अवैध गतिविधियां चल रही थी। स्टाफ के लोग नशीले पदार्थ और मोबाइल फोन बंदियों को उपलब्ध कराते थे और उसके एवज में पैसे वसूल करते थे। स्टाफ में भी दो गुट बन गए थे, जो एक दूसरे की शिकायत करते थे। रकम नहीं देने पर मारपीट की जाती थी। कोर्ट ने कहा है कि पूरे मामले की विभागीय जांच कर लेने के बाद की गई कार्रवाई से जेल डीजी अवगत कराएं, साथ ही प्रदेश की सभी जेलों में जेल मैनुअल का कड़ाई से पालन हो यह सुनिश्चित करें। इस मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद होगी।

# शॉपिंग मॉल में मासूम की मौत के बाद सीएम साय के निर्देश



### छत्तीसगढ़ के सभी मॉल समेत सार्वजनिक स्थानों में सुरक्षा व्यवस्था की होगी जांच

**रायपुर,21 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक शॉपिंग मॉल में हुए दुःखद हादसे में एक साल के बच्चे की दुःखद मृत्यु के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी शॉपिंग मॉल और ऐसे सार्वजनिक स्थानों के सुरक्षा उपकरणों समेत अन्य सुरक्षा व्यवस्था की जांच होगी। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री साय ने ङ्ग के माध्यम से दी है।

# 5 कुख्यात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा,21 मार्च 2024 (ए)।** आज 5 नक्सलियों ने पुलिस अफसरों के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों में 3 थाना पोलमपल्ली क्षेत्र एवं 2 थाना किस्टाराम क्षेत्र के निवासी हैं। जिला सुकमा में ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''पूना नर्कोम अभियान'' नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में 3 नक्सली पोडियाम मासा (बुर्कलंका आरपीसी मिलिशिया सदस्य) पामलूर थाना किस्टाराम जिला सुकमा, मडक़म हुंगा (बुर्कलंका आरपीसी मिलिशिया सदस्य) पामलूर थाना किस्टाराम जिला सुकमा, करतम मंगा (अरलमपल्ली आरपीसी मिलिशिया सदस्य) बुंगरूपारा थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा, माड़वी भीमा (अरलपमल्ली आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य) अरलमपल्ली थाना किस्टाराम जिला सुकमा एवं वंजाम पाण्डू (मिलिशिया सदस्य)आतुलपारा पोलमपल्ली थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा हाल ग्राम वेकुरपाड़ (तेलंगाना) के द्वारा 21 मार्च को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में सुरेश सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफ डीआईजी ऑफिस सुकमा एवं परमेश्वर तिलकवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)